
|| सब सुख लहै तुम्हारी सरना तुम रक्षक काहू को डरना ||

# हरिभूमि

हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं



मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 2 अप्रैल 2026



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



IPL आज का मुकाबला
केकेआर एसआरएच
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### कमर्शियल सिलेंडर 195 रुपए महंगा, भोपाल में 2084 रुपए का हुआ



**भोपाल।** किल्लत के बीच मध्य प्रदेश में कमर्शियल सिलेंडर 195 रुपए महंगा हो गया है। यह बढ़ोतरी घरेलू सिलेंडर के रेट 60 रुपए बढ़ाने के 25 दिन बाद 1 अप्रैल से की गई है। प्रदेश के 50 हजार से ज्यादा होटल और रेस्टोरेंट को जरूरत का 9 प्रतिशत सिलेंडर ही मिल रहा है। इससे कई होटल-रेस्टोरेंट का मेन्यू बदल गया है। भोपाल में 19 किलो कमर्शियल सिलेंडर 2084 रुपए, इंदौर में 2186 रुपए, जबलपुर में 2295 रुपए, ग्वालियर में 2307 रुपए और उज्जैन में 2251 रुपए में मिलेगा। इस बढ़ोतरी का होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों और मिठाई की दुकानों पर सीधा असर पड़ेगा। भोपाल के कई भोजनालयों में खाने की थाली के दामों में 20 से 30 रुपए तक का सीधा इजाफा किया गया है।

'स्कूल चलें अभियान': मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा

# आगामी 4 महीने तक शासकीय स्कूलों के 4 लाख बच्चों को साइकिलें मिलेंगी




साइकिल प्रदान करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बड़े पैमाने पर सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बच्चों का आकर्षण बढ़ा है। इनमें ड्रॉप आउट खत्म करने के लिए शिक्षकों के साथ समाज के हर वर्ग ने संकल्प के साथ मेहनत की है। सरकारी स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकारी स्कूलों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह सरकारी स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। राजधानी के टीटी नगर स्थित मॉडल उमा विद्यालय में बुधवार को राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर ▸▸ शेष पेज 4 पर

> *मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पढ़ें-लिखें और आगे बढ़ें भविष्य में जहां तक अपने पंख लेकर उड़ना चाहें, उड़ें*

### सरकारी स्कूलों के प्रति अभिभावकों बच्चों का आकर्षण बढ़ा : डॉ. यादव



बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत करते सीएम

- **बच्चों ने साइकिल की घंटी बजाकर, तो मुख्यमंत्री ने फूलों से किया स्वागत**
- **बच्चों को वितरित की गई निःशुल्क साइकिलें और पुस्तकें**
- **प्रोत्साहित करने वाले शिक्षक अभिभावक हुए सम्मानित**

### 1 से 4 अप्रैल तक चलेगा स्कूल चलें हम अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश के विकास के लिए राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कदम से कदम मिलाकर चल रही है। प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चलें हम अभियान चलेगा और बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अच्छे स्कूल हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं। ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

### प्रत्येक गांव का एक एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बच्चा स्कूल में प्रवेश ले रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

### स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पढ़ें-लिखें और आगे बढ़ें, भविष्य में जहां तक अपने पंख लेकर उड़ना चाहें, उड़ें। उन्होंने कहा कि हमने स्कूली बच्चों, विशेषकर छात्राओं के लिए स्कूटी योजना भी लागू की है। इसके अलावा, सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 76,000 शिक्षकों की नियुक्ति भी की है। राज्य सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है।

## नक्सलवाद की राख में छिपे अश्वत्थामा से सतर्क रहने का वक्त

*यह समय उल्लास का तो है लेकिन उत्सव का नहीं। यह समय उम्मीद बांधने का तो है, साथ ही आशंका का भी है। यह समय अपेक्षाओं का भी ही है लेकिन साथ ही साथ जिम्मेदारी का भी है। वह इसलिए क्योंकि भले ही पांडव अठारह दिन के भीषण संघर्ष के बाद महाभारत का युद्ध जीत गए लेकिन जीत के बाद निश्चिंतता की नींद ने उनके पक्ष के तमाम योद्धाओं को अश्वत्थामा के हाथों हमेशा के लिए सुला दिया था। वह तो द्वापर युग था तो एक ही अश्वत्थामा का अस्तित्व था। इस कलियुग काल में तो अब कौन अश्वत्थामा बन जाए, कहा नहीं जा सकता। महाभारत तो महज अठारह दिन का युद्ध था, नक्सलवाद के खिलाफ हमारे संघर्ष की अवधि तो छह दशक की है।*



विशेष टिप्पणी
डॉ. हिमांशु द्विवेदी

*बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों और हजारों सुरक्षाकर्मियों को मौत के घाट उतार देने वाले सशस्त्र नक्सलवाद को लेकर मोदी सरकार में गृहमंत्री अमित शाह ने जब 24 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ में दहाड़ते हुए कहा था कि देश से हम 31 मार्च 2026 को इसे खत्म कर देंगे तो लोग हैरत में पड़ गए थे। अमित शाह की राजनीतिक क्षमता और प्रशासनिक दक्षता के लोग कायल हैं लेकिन यह ऐलान तो बतौर ज्योतिषी महसूस हुआ था। वक्त गुजरने के साथ लेकिन समझ में आने लगा कि शाह ने यह दावा अंतरिक्ष में नक्षत्रों की स्थिति को देखकर नहीं बल्कि जमीं पर सुव्यवस्थित रणनीति बनाकर किया था। यह उपलब्धि महज डेढ़ साल की मेहनत के आधार पर नहीं आई है। इसके पीछे वर्षों की मेहनत है।*

*इस परिणाम की अभिलाषा पहले भी रही लेकिन उसके साथ दृढ़ इच्छाशक्ति, राज्य-केंद्र समन्वय, विभिन्न सुरक्षाबलों के मध्य समन्वय, आधुनिक तकनीक का अधिकाधिक उपयोग के उपयोग का अभाव वांछित परिणाम नहीं दे सका। सुरक्षाबल जब-जब हाथों में हथियार थाम घने जंगलों में छिपे दुर्दांत नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन शुरू करते तो* ▸▸ शेष पेज 4 पर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC | THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally, 5th India Rank | QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha, 9th in India among pvt. universities | nirf 2025: 17th Among Indian Universities | NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA | ABET (US) Accreditation | IET Accredited Programme: The Institute of Engineering and Technology | Special Consultative Status by the UN-ECOSOC | Partnership with UN Volunteers

KIITEE 2026
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)




Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA -Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024 | admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

# भगवान कार्तिकेय जयंती धूमधाम से मनाई, श्री राम मंदिर पिपलानी से निकली भव्य शोभायात्रा



भगवान कार्तिकेय की जयंती पर बड़ी संख्या में तमिल समाज के लोग शोभायात्रा निकालते हुए।





**भोपाल।** पिपलानी श्री राम मंदिर में बुधवार को कार्तिकेय भगवान की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र में भव्य विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक सुब्रमण्यम ने बताया कि भगवान कार्तिकेय की जयंती पर श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया। कई श्रद्धालु पेट और जीभ में त्रिशूल आर-पार निकालकर अपनी श्रद्धा के प्रति समर्पण व्यक्त करते हैं और पैदल चलते हुए मंदिर तक पहुंचते हैं। इस दौरान क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए भगवान कार्तिकेय के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

## खबर संक्षेप

### सागर हॉस्पिटल में त्वचा रोग की ओपीडी प्रारंभ

**भोपाल।** राजधानी के सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएमएच) में त्वचा रोग की ओपीडी प्रारंभ हो गई है। डॉ. वंदना यादव एसोसिएट कंसल्टेंट, डर्मेटोलॉजी से अब त्वचा रोग के मरीज हॉस्पिटल में परामर्श कर सकते हैं। डॉ. वंदना ने आईएमएस, बीएचयू, वाराणसी से डर्मेटोलॉजी, वेनेरोलॉजी और लेप्रोसी में एमडी की उपाधि प्राप्त की है और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू), लखनऊ से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।



### एसपीएम कॉलेज में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया, दी जानकारी



**भोपाल।** राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने की। प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी।

### वरिष्ठ पत्रकार राजेश चौहान का निधन



**भोपाल।** राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार राजेश चौहान का बुधवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे, लेकिन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। चौहान ने कई महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दीं। बीते दिनों अस्वस्थता के चलते उन्हें हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। चौहान वरिष्ठ पत्रकार धनंजय प्रताप सिंह के मामा ससुर थे। भदभदा विश्राम घाट में बुधवार को राजेश चौहान का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## हनुमान जन्मोत्सव पर आज चढ़ेगा चोला, जगह-जगह होंगे भंडारे, निकलेंगी भव्य शोभायात्राएं

# आरती कीजे हनुमान लला की...

**संकट टलने, अपनी पीड़ा मिटाने आज हनुमानजी की आराधना करने मंदिरों की देहरी पर माथा टेकेंगे भक्त**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर राजधानी में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिलेगा। शहर के हनुमान मंदिरों में अखंड रामायण पाठ बुधवार से ही शुरू हो चुका है। वहीं शहर में अलग-अलग संगठनों द्वारा शोभायात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा में 15 फीट ऊंची हनुमान प्रतिमा, राजस्थान के पारंपरिक ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी प्रमुख आकर्षण रहेंगे। साथ ही सामाजिक मुद्दों पर आधारित प्रतीकात्मक झांकियां भी शामिल की जाएगी।

शहर के मंदिरों में हनुमान जी का विशेष अभिषेक कर चोला चढ़ाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पं. जगदीश शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यातओं के अनुसार हनुमान जी शिव के 11वें अवतार हैं, और अजर-अमर हैं। उन्हें कलयुग का जागृत देवता भी कहा जाता है। हनुमान जयंती के दिन व्रत रखने और पूजा करने से जीवन के सभी संकट और भय दूर होते हैं। उनकी पूजा करने से शनि देव और मंगल ग्रह के दोषों से मुक्ति मिलती है। चूंकि इस बार यह पर्व गुरुवार को पड़ रहा है, जो कि भगवान विष्णु का दिन है और हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त हैं, इसलिए इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है।

### 350 से अधिक जगह होंगे भंडारे

शहर के मंदिरों में हनुमान जी का पंचामृत स्नान, चोला चढ़ाना, श्रृंगार, पूजा, हवन और आरती की जाएगी। शहर में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों से शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। भगवान को नई पोशाक धारण कराई जाएगी। पंपापुर हनुमान मंदिर में सुबह चार बजे से 101 लीटर दूध से अभिषेक होगा और शाम को 7.45 पर 501 भक्त एक साथ हनुमान चालीसा पाठ करेंगे। शहर में 350 से अधिक जगहों पर भंडारे होंगे।

### सुंदरकांड मंडलियों की बुकिंग

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर के विभिन्न मंदिरों में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सुंदरकांड पाठ के लिए तमाम मंडलियों की बुकिंग हो चुकी है। जिनके द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ के आयोजन किए जाएंगे। ऐसे में शहर के सभी मंदिर भक्ति के स्वरों से गूंज उठेंगे।

### सोने के वर्क से श्रृंगार

बालाजी भक्त मंडल द्वारा श्रीनाथ मंदिर लोहा बाजार में हनुमान जी का सोने के वर्क से श्रृंगार किया जाएगा। वहीं छोला रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी का विशेष श्रृंगार और महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

### सुंदरकांड के बाद निकाला चल समारोह

वहीं हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार के को जय श्री महाबली शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा वल्लभ नगर एक में पूर्व संध्या पर सुन्दरकाण्ड आयोजित करने के बाद चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कल हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।





न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमानजी की आरती करते श्रद्धालु।

### न्यू मार्केट में 101 लीटर दूध से अभिषेक

न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान बाबा 101 लीटर से अधिक दूध से अभिषेक किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी संजीव अग्रवाल ने बताया कि दोपहर में भंडारें का आयोजन किया जाएगा।

### भेल में भंडारे का आयोजन

भेल यादव सभा द्वारा श्री कृष्ण मंदिर विजय मार्केट में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ और भंडारें का आयोजन किया जाएगा। भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि सुबह सुंदरकांड पाठ दोपहर में भंडारें का आयोजन किया जाएगा।

### पुराने शहर में निकलेगी शोभायात्रा

श्री हनुमानजी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जय मां भवानी हिन्दू संगठन द्वारा भव्य हिन्दू एकता शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु हिंदू ने बताया कि यह हिन्दू एकता शोभा यात्रा शाम चार बजे से प्रारंभ होगी। शोभा यात्रा कालीघाट मंदिर से प्रारंभ होकर कसाईपूरा, बुधवारा, चार बत्ती चौराहा, इतवारा चौराहा, जैन मंदिर रोड, मंगलवारा चौराहा, जुमेराती, छोटे भैया कार्नर, घोड़ा निक्कास चौराहा, कमाली मंदिर, नादरा बस स्टैंड, भोपाल टॉकीज होते हुए सिंधी कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर पर समापन होगी।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में भंडारे की तैयारी

जहांगीराबाद स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर समिति द्वारा तैयारी शुरू कर दी गईं हैं। यहां सुबह सुंदरकांड पाठ समेत अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे।

### 1100 क्वार्टर स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड हुआ



हनुमानजयंती की पूर्व संध्या पर 1100 क्वार्टर स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ शुरू हुआ जो गुरुवार को संपन्न होगा। शोभा यात्रा में धार्मिक झांकियां, जयकारे, भगवा ध्वज-पताकाएं और भक्ति संगीत के साथ शहरभर में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिलेगा। शोभा यात्रा में 15 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### बीएमएचआरसी को बनाएंगे पॉलीथिन मुक्त संस्थानः डॉ. मनीषा



**भोपाल।** बीएमएचआरसी परिसर को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के साथ कर्मचारियों, मरीजों और आगंतुकों को पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति सहभागिता बढ़ाने के लिए अंतर-विभागीय स्वच्छता एवं स्वच्छता संबंधी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को पुरस्कृत किया जाएगा।

यह बात बुधवार को बीएमएचआरसी में शुरू हुए स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान संस्थान में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही ई-वेस्ट के सुरक्षित निपटान के लिए ई-वेस्ट प्रबंधन समिति गठित की गई है, जो विभिन्न विभागों से अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पहचान कर उनका सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित करेगी। इस अभियान का उद्देश्य संस्थान परिसर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना तथा कर्मचारियों और आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ राजीव बहल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बीएमएचआरसी सहित आईसीएमआर के सभी अधीनस्थ संस्थानों के कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## कलियासोत मैदान में आयोजन के लिए किया भूमिपूजन

# राठौर संघ का विवाह सम्मेलन 20 को, शादियों में फिजूलखर्ची को बचाने का देंगे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी में 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मौके पर लंबे समय बाद राठौर समाज ने सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन रखा है, जिसमें 11 जोड़ों को एक साथ फेरे कराकर विवाह बंधन में बांधा जाएगा। समाज के लोगों ने शादियों की फिजूलखर्ची को बचाने के लिए इस बार से सम्मेलन का आयोजन किया है। जिसको लेकर बुधवार को खुशीलाल आयुर्वेदिक संस्थान स्थित दशहरा मैदान में कार्यक्रम स्थल का भूमिपूजन किया गया, जिसमें महापौर मालती राय सहित दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी भी शामिल हुए। मीडिया प्रभारी सविता राठौर ने बताया कि समाज में होने वाली खर्चिली शादियों से समाज के लोगों को बचाने लंबे समय बाद संघ ने यह आयोजन किया है। इसमें 11 जोड़ों का विवाह होगा, जिसमें समाज के लोग शामिल होंगे।

## श्रमिक संगठनों ने एक अप्रैल को राष्ट्रव्यापी काले दिवस के रूप मनाया

# सैकड़ों बैंक कर्मचारी, अधिकारी, मजदूर व कामगारों ने मांगों के समर्थन में की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय श्रमिक संगठनों एवं स्वतंत्र श्रमिक संगठनों ने एक अप्रैल को राजधानी भोपाल सहित देश भर में राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया गया। राजधानी में बुधवार की शाम को सैकड़ों मजदूर, कामगार, कर्मचारी, अधिकारी, अपने अपने संगठन के झंडा और बैनर्स के साथ इकट्ठे हुए। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर प्रभावी प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात सभा हुई, जिसे श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी साथी वीके शर्मा, एसएस मौर्या, प्रमोद प्रधान, पूषन भट्टाचार्य, विनोद लोगरिया, यशवंत पुरोहित, दीपक रत्न शर्मा, जेपी झवर, शैलेंद्र कुमार शैली, शैलेंद्र शर्मा, भगवान स्वरूप कुशवाहा आदि ने संबोधित किया।




अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी।

### चार नई श्रम संहिताओं के विरोध में प्रदर्शन

वक्ताओं ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चार नई श्रम संहिताओं को बिना किसी सार्थक चर्चा के लागू करने के प्रयास के विरोध में आज प्रदेश सहित देश भर में राष्ट्रव्यापी काला दिवस मनाया जा रहा है। आज मजदूर और कर्मचारियों ने काली पट्टी और काले बैज धारण कर इन चार श्रम संहिताओं का विरोध किया। उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी 2026 को देशव्यापी हड़ताल के माध्यम से श्रमिकों एवं ट्रेड यूनियनों ने इन श्रम संहिताओं का जोरदार विरोध दर्ज कराया था, इसके बावजूद सरकार इनको लागू करने पर आमादा है। वक्ताओं ने देश के सभी श्रमिकों, कर्मचारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों से इस आंदोलन को समर्थन देने की अपील की है, ताकि संगठन का अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी एवं श्रमिकों के न्यायपूर्ण अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। अंत में वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय श्रमिक संगठनों से वार्ता किए बिना यदि सरकार इन श्रम संहिताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास करेगी तो आने वाले समय में देशभर में आंदोलन को और तेज कर राष्ट्रव्यापी हड़तालें की जाएंगी।

# जेपी अस्पताल का कलेक्टर ने किया दौरा, मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं को लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**कलेक्टर ने सीएमएचओ से कहाः एम्स के सहयोग से जेपी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं करें बेहतर**

जेपी अस्पताल में उस समय डॉक्टरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया, जब कलेक्टर कोशलेंद्र विक्रम सिंह स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण कर ओपीडी में मौजूद डॉक्टरों और मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया गया। कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा और सिविल सर्जन डॉ संजय जैन को जेपी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को सतत रूप से बेहतर करने के लिए एम्स के सहयोग से चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के ज्ञान और तकनीकी कौशल का उन्नयन करने के निर्देश दिए।

### पार्किंग टेंडर नहीं होने पर जताई नाराजगी

अस्पताल में पार्किंग टेंडर में विलंब पर नाराजगी कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। इस संबंध में सिविल सर्जन द्वारा अवगत करवाया गया कि निविदा की प्रक्रिया की जा रही है और इसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने अस्पताल के नवीन भवन में शेष रह गए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पेंडिंग कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा गया।

## प्रदेशभर के स्कूलों में मानया प्रवशोत्सव, बच्चों में दिया उत्साह

## कार्यक्रम-2026 के साथ स्कूल चले हम अभियान की हुई शुरुआत

# स्कूलों में सत्र के पहले दिन विद्यार्थियों का तिलक आरती से स्वागत, पुस्तकें मिली तो खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के स्कूलों में प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के साथ स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत बुधवार को हुई। नए सत्र के पहले दिन बच्चों के चेहरों पर उत्साह साफ दिखाई दिया। स्कूलों में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और आरती उतारकर किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को मिठाई खिलाई गई। निःशुल्क पुस्तकें मिलने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। स्कूलों में बालसभा का आयोजन किया गया। अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को विद्यार्थियों को प्रेरित करने पर जोर रहेगा। इस दिन विभिन्न क्षेत्रों के सफल लोग जैसे खिलाड़ी, कलाकार, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता स्कूल पहुंचकर बच्चों से संवाद करेंगे।



बागसेवनिया स्कूल में प्रवेश उत्सव पर बच्चों को पुस्तक भेंट करते हुए।

### अब तक 1 करोड़ बच्चों का नामांकन : उदय प्रताप सिंह

राजधानी के टीटी नगर स्थित मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज का दिन स्कूल शिक्षा विभाग के लिए दीवाली जैसा है। हम सभी स्कूली बच्चों का विद्यालयों में स्वागत कर रहे हैं। प्रदेश के स्कूलों में बच्चों की प्रवेश दर में वृद्धि हुई है। अब तक 1 करोड़ बच्चों का नामांकन किया जा चुका है।

### मंत्री डॉ. शाह ने की बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने सभी जनजातीय परिवारों से अपने बच्चों को शाला भेजने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आज न तो शिक्षकों की कमी है और न ही स्कूली की सभी अभिभावकगण अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें।

भोपाल
गुरुवार, 2 अप्रैल 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -पूर्णिमा
वर्ष : 12, अंक : 360
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम
अधि. 36
न्यून. 24

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


[1] बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, छतरपुर

## हनुमान जी की शक्ति का असल मूल्य है परोपकार का बड़ा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज श्री हनुमान जी का प्रकटोत्सव है। 'हरिभूमि' ने तीन प्रमुख संतों के श्रीमुख से हनुमान जी की व्याख्या सुनी। यही व्याख्या हरिभूमि अपने पाठकों के लिए प्रस्तुत कर रहा है।



**भक्त और भगवान के बीच एक सेतु की भांति साथ निभाया**

बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचनों का केंद्र बिंदु हनुमानजी के प्रति अटूट श्रद्धा है। उनकी दृष्टि में हनुमान जी केवल एक देवता नहीं, बल्कि कलियुग के जागृत स्वामी हैं। पंडित शास्त्री हनुमान जी की व्याख्या सेवा और समर्पण के सर्वोच्च आदर्श के रूप में करते ▶▶ शेष पेज 4 पर



[2] पंडित गुरुशरण शर्मा पंडोखर सरकार, दतिया

## हनुमानजी संकटों को ही नहीं हरते वे योग व अनुशासन के प्रतीक भी



**हनुमान जी की सच्ची पूजा ये कि व्यक्ति को अपने आचरण में शुद्धता और सच्चाई लानी होगी**

पंडोखर सरकार यानी पंडित गुरुशरण शर्मा के आध्यात्मिक दर्शन में हनुमान जी की व्याख्या एक त्रिकालदर्शी और अदृश्य न्यायधीश के रूप में की गई है। उनके अनुसार हनुमान जी केवल संकटों को हरने वाले देवता नहीं हैं, बल्कि वे ब्रह्मांड की उस सूक्ष्म ऊर्जा का केंद्र हैं जो व्यक्ति के भूत, भविष्य और वर्तमान को नियंत्रित करती है। पंडोखर सरकार हनुमान जी को न्याय का विधान ▶▶ शेष पेज 4 पर



[3] पंडित विजय शंकर मेहता, उज्जैन

## हनुमान चालीसा स्तुति नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का संपूर्ण पाठ्यक्रम



**कब छोटा होना और कब बड़ा होना-यही सफल नेतृत्व की कुंजी**

पंडित विजय शंकर मेहता ने हनुमान जी की भक्ति को एक नया और आधुनिक दृष्टिकोण दिया है। जहां पारंपरिक रूप से हनुमान जी को केवल शक्ति और साहस का प्रतीक माना जाता है, वहीं पं. मेहता उन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट गुरु सिद्ध करते हैं। उनके अनुसार हनुमान चालीसा केवल एक स्तुति नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का संपूर्ण पाठ्यक्रम है। पंडित की ▶▶ शेष पेज 4 पर



होर्मुज में फंसे हैं 20 हजार नाविक, 3 हजार जहाज

**पश्चिम एशिया में संकट गहराने के आसार :** भले ही ट्रंप 21 दिन में युद्ध खत्म होने और ईरान से सीजफायर का अनुरोध मिलने का दावा कर रहे हों

# दुनिया एनर्जी लॉकडाउन की ओर, 24 घंटे में ही टीवी पर आए तीन देशों के राष्ट्राध्यक्ष

*ये दुनिया में पहली बार हुआ कि 24 घंटे के भीतर 3 देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने टीवी पर आकर देश को संबोधित किया। गुरुवार को सुबह 6.30 बजे ट्रंप ने भी संबोधन दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट (मध्य-पूर्व) में चल रहे भीषण युद्ध के कारण दुनिया भर में ऊर्जा संकट गहरा गया है। पिछले चौबीस घंटे में तीन राष्ट्र प्रमुखों ने अपने देश की जनता को टीवी पर आकर संबोधित किया। सभी ने गैस और तेल संकट पर चिंता जताई।


एंथनी अल्बनीज

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि वर्तमान हालात की वजह से तेल संकट गहराएगा और आने वाले महीने आसान नहीं रहने वाले हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई लोगों से अपील की कि वे घबराकर फ्यूल न खरीदें और जहां तक हो सके, कार की जगह पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। अगर आप सड़क पर निकल रहे हैं, तो जरूरत से ज्यादा फ्यूल न लें। फिलीपींस जैसे देशों ने पहले ही राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल घोषित कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा ऊर्जा आपूर्ति व्यवधान बताया है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ▶▶ ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज की चेतावनी आने वाले महीने आसान नहीं, लोग फ्यूल बचाएं
- ▶▶ ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए बुलाई 35 देशों की बैठक



**इधर, भारत फिलहाल सेफ**

- भारत सरकार ने कहा देश में नहीं है गैस की कमी, दो महीने का तेल भंडार भी
- यूएई से एलपीजी गैस लेकर दो टैंकर सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए

### ब्रिटेन ने युद्ध से हाथ खींचे, 35 देशों को कर रहा एकजुट

ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने बुधवार को दोहराया कि ब्रिटेन इस संघर्ष में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और इसमें शामिल होना हमारे राष्ट्रीय हित में नहीं है। ब्रिटेन इस हफ्ते के अंत में लगभग 35 देशों की एक बैठक की मेजबानी करेगा। इसमें होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने पर चर्चा की जाएगी। फंसे हुए जहाजों और नाविकों की सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी


कीर स्टार्मर

**भारत सरकार ने कहा**

### क्रूड 100 डॉलर के पार, फिर भी देश में तेल की कीमतें स्थिर


सुजाता शर्मा

भारत सरकार ने कहा कि है कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है, और देश ने अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पश्चिम एशिया संकट:** सीसीएस की दूसरी अहम बैठक

## पीएम बोले- जनता पर न पड़े जंग का असर जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

**सभी विभागों को सतर्क रहने तथा त्वरित कार्रवाई के निर्देश**


बैठक में विभिन्न मंत्रालयों व विभागों के मंत्री अधिकारी मौजूद रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। इस मुद्दे पर यह सीसीएस की दूसरी विशेष बैठक थी। बैठक में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जंग का असर जनता पर न पड़े। बैठक में बताया कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों, खासकर एलपीजी और एलएनजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए गए हैं। एलपीजी के लिए अलग-अलग देशों से आयात बढ़ाया जा रहा है और एलएनजी भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### होर्मुज से जहाजों की आवाजाही के लिए बातचीत जारी

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयास और कूटनीतिक बातचीत जारी है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खरीफ और रबी सीजन में खाद की सप्लाई सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि लोगों तक सही और भरोसेमंद जानकारी पहुंचे, ताकि अफवाहों को रोका जा सके।

सूजे हुए मुंह की तस्वीर शेयर की

## वंदे भारत एक्सप्रेस के खाने से बिगड़ी मां-बेटे की तबीयत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वंदे भारत एक्सप्रेस को उसकी रफ्तार और सुविधाओं के लिए जाना जाता है। लेकिन कई बार कैटरिंग कंपनी की गलती या पैसेंजर की कंडीशन के चलते कुछ ऐसा हो जाता है। जिसकी जिम्मेदारी भी आईआरसीटीसी और रेलवे पर आती है। इंटरनेट पर वायरल एक पोस्ट में भी महिला ने कुछ ऐसा ही दावा किया है। महिला ने शिकायत की है कि वंदे भारत का खाना, खाने से उसकी और ▶▶ शेष पेज 4 पर



- आईआरसीटीसी ने कहा- हमें शिकायत नहीं मिली

### मार्च में 2 लाख करोड़ के पार हुआ जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** मार्च 2026 में देश की जीएसटी कलेक्शन को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।



सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नेट जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जो पिछले महीने के मुकाबले 8.2% ज्यादा है। इससे साफ है कि देश में कारोबार और खपत दोनों में मजबूती बनी हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि टैक्स कलेक्शन में यह बढ़ोतरी आर्थिक गतिविधियों के सुधरने का संकेत देती है।

आधे प्रदेश में आंधी-बरसात व ओले का दौर चला

## भोपाल व सीहोर में चने के आकार के गिरे ओले, तेज हवा के साथ बारिश भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित आधे प्रदेश में बुधवार को दोपहर बाद आंधी के साथ बारिश और कुछ जगह ओले गिरे। भोपाल में दो बजे तक धूप खिली रही, इसके बाद 3 बजे अचानक मौसम ने तेजी से करवट ली और करीब 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। शाम 5 बजे तक शहर में 2 मिमी बारिश हुई, जिससे तापमान में ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भोपाल में दो घंटे में 2 मिमी बारिश कई जगह पेड़ों की शाखाएं गिरी**


विदिशा में ओले


सीहोर में बारिश व ओले गिरे

### आज यहां ओले बारिश संभव

गुरुवार को छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, अनुपपुर, डिंडोरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, बालाघाट में आंधी बारिश का दौर चलेगा। हरदा, खंडवा, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, ग्वालियर, दतिया, भिंड, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, खरगोन, बड़वानी में भी कुछ जगह आंधी-बारिश का दौर रह सकता है।

2015 के भूमि विकास सहकारी बैंक में हुए भ्रष्टाचार में संलिप्तता साबित

दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने दोषी पाया

## कांग्रेस के विधायक भारती 'दोषी' करार तिहाड़ जेल भेजा, आज सजा का ऐलान

***बैंक के कर्मचारी ने कोर्ट में शिकायत की थी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दिल्ली में गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया गया है। भारती को साल 2015 के भूमि विकास सहकारी बैंक में हुए भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली की एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी पाया। विधायक ने अपनी मां के नाम से सहकारी बैंक में करीब 10 लाख 50 हजार की एफडी 3 साल के लिए कराई थी। उन्हें इसके बदले 13 प्रतिशत ब्याज भी मिल रहा था। हालांकि, बाद में विधायक ने इस अवधि को 3 साल से बढ़ाकर 15 साल कर दिया गया। इस पर बैंक के कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। एमपी एमएलए कोर्ट ने शिकायत को गंभीरता से लिया और इसे धोखाधड़ी का मानकर केस दर्ज करने के आदेश दिए। ▶▶ शेष पेज 4 पर


राजेंद्र भारती

### भारती ने नरोत्तम मिश्रा पर लगाया था आरोप

*राजेंद्र भारती ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर इस मामले को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने नरोत्तम और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके खिलाफ राजनीतिक षडयंत्र के दबाव में झूठा प्रकरण दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता बैंक कर्मचारी नरेंद्र सिंह ने तथ्य छिपाए और वे पूर्व गृह मंत्री के इशारे पर काम कर रहे हैं। राजेंद्र ने याचिका में बताया था कि सर्कुलर के अनुसार एफडी की अवधि बढ़ाई जा सकती है। उनका कहना था कि इस केस को राजनीतिक दबाव के चलते प्रभावित करने की कोशिश हो रही है।*




## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन की अध्यक्षता में मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की हुई बैठक

# कंबाइन हार्वेस्टरों को मिलेगी टोल से छूट, इंदौर-उज्जैन तथा उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग निर्माण को मिला अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश के विचार को सार्थक करते हुए किसान हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। अब कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग किए जाने वाले कंबाइन हार्वेस्टरों को मप्र सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के टोल प्लाजा पर शुल्क संग्रहण (टोल टैक्स) से छूट रहेगी।

### पश्चिम भोपाल बायपास का परिवर्तित एलाइनमेंट अनुमोदित

**खास बातें**

- वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा- राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध


बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### परिवहन लागत में कमी आएगीः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फसल कटाई में प्रयुक्त होने वाला कंबाइन हार्वेस्टर आवश्यक कृषि उपकरण है। टोल मार्गों पर टोल छूट दिए जाने से हार्वेस्टर की परिवहन लागत में कमी आएगी। जिसका सकारात्मक प्रभाव कृषि उपज के मूल्य पर होगा, यह निर्णय कृषकों के लिए हितकर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मप्र सड़क विकास निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन उपस्थित थे।

### नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक में इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड मार्ग और उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड मार्ग के नॉन एक्सेस कंट्रोल परियोजना के रूप में निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। संचालक मंडल ने पश्चिम भोपाल बायपास के परिवर्तित एलाइनमेंट को अनुमोदन प्रदान कर निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। बैठक में वार्षिक लेखों तथा अन्य प्रबंधकीय विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा निर्णय लिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखबीर सिंह, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव तथा प्रबंध संचालक मप्र सड़क विकास निगम भरत यादव उपस्थित थे।

---

### कैशलेस हुए टोल नाका: 5-10% तक टोल वृद्धि से आमजन और ट्रांसपोर्टर पर बढ़ा आर्थिक बोझ

# डिजिटल सुविधा के साथ बढ़ा टैक्स, सालाना पास भी महंगा... यूपीआई से भुगतान हुआ अनिवार्य

हरिभूमि टीम ▶▶ जबलपुर/मंडीदीप

टोल नाकों पर बुधवार से कैशलेस व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब वाहन चालकों को नकद भुगतान की सुविधा नहीं मिलेगी और उन्हें यूपीआई सहित डिजिटल माध्यमों से ही टोल टैक्स चुकाना होगा, लेकिन इस नई व्यवस्था के साथ ही आमजन को महंगाई का झटका भी लगा है, क्योंकि टोल दरों और सालाना पास की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है। नई दरों के अनुसार कार और हल्के वाहनों के टोल शुल्क में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की गई है। वहीं, सालाना पास जो पहले 3000 में बनता था, अब वह भी महंगा हो गया है। भारी वाहनों के टोल में भी इजाफा हुआ है, जिससे परिवहन लागत बढ़ने की आशंका है।

हरिभूमि पड़ताल

#### कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या के कारण भुगतान में देरी

हरिभूमि की टीम ने मौके पर पहुंचकर टोल नाके का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टोल प्लाजा पर क्यूआर कोड के जरिए यूपीआई भुगतान कराया जा रहा है और बड़ी संख्या में वाहन चालक डिजिटल पेमेंट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कई स्थानों पर नेटवर्क की समस्या के कारण भुगतान में देरी और वाहनों की कतारें भी देखने को मिलीं। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने इस व्यवस्था पर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि डिजिटल सुविधा से भुगतान आसान जरूर हुआ है, लेकिन बार-बार टोल दरों में बढ़ोतरी आम आदमी की जेब पर भारी पड़ रही है। प्रशासन ने कहा- ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी रशासन का दावा है कि कैशलेस सिस्टम से पारदर्शिता बढ़ेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी। बावजूद बढ़ी हुई दरों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है और अब डिजिटल सुविधा के साथ आर्थिक बोझ बढ़ा है।

### मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग के टोल हुए कैशलेस, तो राज्यमार्ग के टोल में अभी नगद से लेन-देन हो रहा


रायसेन स्थित टोल नाका।

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के एक बड़े फैसले का असर एक अप्रैल से देखने को मिल रहा है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग में लगे टोल प्लाजा पर अब नगर पेमेंट से भुगतान नहीं हो सकेगा। बड़े वाहन हो या चार धुरी कार, फास्टैग बहुत जरूरी है। यदि फास्टैग नहीं है तो नगद की जगह यूपीआई से पेमेंट वाहन क्रमांक डालने से हो जाएगा, जिसमें नेशनल हाइवे के टोल में अब नगद नहीं देना पड़ेगा, वही राज्य के हाईवे एमपीआरडीसी के टोल में नगदी से पेमेंट का आदान प्रदान किया जा रहा है, जिसमें राज्य सरकार के द्वारा कैश लेस को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। राज्य में एनएचआई के करीब 90 से अधिक संचालित टोल है। राज्य सरकार के मुख्य रूप से संचालित टोल 100 से अधिक है, लेकिन केंद्र के सभी टोल पर एक अप्रैल से कैशलेस की सुविधा उपलब्ध है, परंतु राज्य सरकार में अभी भी असमजस की स्थिति बरकरार है।

*कार और हल्के वाहनों के टोल शुल्क में करीब 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि*

*केंद्र के सभी टोल पर एक अप्रैल से कैशलेस की सुविधा उपलब्ध*

#### फास्टैग के रेट के बराबर ही लगेगा यूपीआई का चार्ज

जिस वाहन चालक के पास फास्टैग नहीं है तो वो यूपीआई कर के अतिरिक्त लगने वाले अभिभार से बच सकता है, जिसमें अपने वाहन का क्रमांक डालते ही उसमें चार्ज दिखेगा और उतना ऑनलाइन पेमेंट डाल कर वो टोल पास कर सकता है।


रायसेन स्थित टोल नाका कैशलेस होने से वाहनों की कतारें नहीं लगी।

#### सालाना रिचार्ज से फास्टेग में 200 टोल मुफ्त

विगत साल नितिन गडकरी के एक आदेश के बाद से जनवरी 2026 से सभी राज्य के 200 टोल टैक्स फास्टैग के सालाना रिचार्ज से आना जाना किया जा सकता है। वही इसका फायदा सिर्फ उस व्यक्ति को ही मिलेगा, जो एक बार में सिर्फ सालाना रिचार्ज कर सकेगा।

#### औबेदुल्लागंज टोल कैशलेस तो 11 मिल टोल अभी ग्रहण कर रहा नगद

एक ओर राजधानी से सटे औबेदुल्लागंज नेशनल हाइवे में एक अप्रैल से नगद का पेमेंट ग्रहण नहीं किया जा रहा है। सिर्फ फास्टैग रिचार्ज या फिर यूप आई के माध्यम से ही पेमेंट रिसीव किया जा रहा, वही 11 मील टोल प्लाजा पर नगदी भुगतान किया जा रहा है।

---

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू ने लिखा सीएम को पत्र

## बढ़ती महंगाई को रोकने सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग

*महंगाई को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो

मध्यप्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

पटवारी ने पत्र में कहा है कि रोजमर्रा की वस्तुओं ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल, साबुन समेत कई उत्पादों की कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की आशंका है। एक अप्रैल से संभावित मूल्य वृद्धि का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि कच्चे माल, विशेष रूप से पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कीमतों में तेजी, बिजली, एलपीजी और परिवहन लागत में बढ़ोतरी के कारण उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ गई है। इसका असर बाजार में वस्तुओं के दाम पर साफ दिखाई दे रहा है। आरोप लगाया कि कई कंपनियां कीमत बढ़ाने के साथ-साथ पैकेट का आकार भी घटा रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कई औद्योगिक इकाइयां संकट में हैं और लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र पर भी खतरा मंडरा रहा है। पत्र में उन्होंने सरकार से प्रभावित उद्योगों के लिए राहत पैकेज, बिजली और करों में छूट, कच्चे माल एवं परिवहन लागत में हस्तक्षेप तथा आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

### डीपीई बना घोटालों का केंद्र, महंगे सौदों से सरकारी खजाने को भारी नुकसान

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त टेंडर सिंडिकेट और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रही है। अंततः कांग्रेस के दबाव के बाद डॉ. मोहन यादव सरकार को जागना पड़ा और प्रमुख सचिव द्वारा सिंडिकेट से जुड़े सरकारी अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 100 करोड़ रुपए के टेंडर निरस्त किए गए तथा 149 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच प्रारंभ कराई गई। पटवारी ने कहा कि वर्ष 2023 में खरीदे गए 3500 कंप्यूटर एवं अन्य उपकरण, जिन्हें बाजार मूल्य से लगभग 250% अधिक कीमत पर खरीदा गया, उस प्रकरण पर भी संज्ञान लिया गया। इस संबंध में लोकायुक्त में शिकायत होने के बावजूद, सिंडिकेट के कथित सरगना शर्मा बंधु को संरक्षण देना मोहन सरकार की मजबूरी बन गई, जिसके चलते बिना निष्पक्ष जांच के प्रकरण को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में डीपीई कार्यालय में शिल्पी गुप्ता एवं संजय गोयल के संरक्षण में जिला स्तर पर इंटरैक्टिव पैनल खरीदी के टेंडर जारी किए गए। इन टेंडरों में तकनीकी शर्तों की अनदेखी करते हुए एसर कंपनी से लगभग 60,000 मूल्य के पैनल 1,20,000 रुपए में खरीदे गए और जल्दबाजी में भुगतान भी कर दिया गया, जबकि कंपनी स्वयं टेंडर की शर्तों को पूरा नहीं करती थी। इस संबंध में विभागीय मंत्री एवं प्रमुख सचिव को कई शिकायतें भेजी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

---

### सुपरवाईजर ने पूछा मकान मालिक का नाम, सदस्यों की संख्या

## मकान-दुकान गिनने फील्ड में उतरे जनगणना कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माता मंदिर स्थित पीएंडटी कॉलोनी में जनगणना प्रगणक ने दरवाजे के बाहर लगी बैल बजाई। थोड़ी देर में एक महिला ने बाहर निकलकर पूछा कि आप कौन हैं। जिस पर महिला प्रगणक ने कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा की जा रही जनगणना के लिए आई हूं। कुछ जानकारी चाहिए। जिस पर महिला ने कहा कि पूछिए, प्रगणक ने सबसे पहले मकान नंबर, सदस्यों की संख्या और मकान के एरिया के बारे में जानकारी ली।

मौके पर ही जनगणना पोर्टल को लॉगिन कर जानकारी अपलोड की गई। अन्य टीमों ने एमएसीटी और माता मंदिर इलाके में भी पांच-पांच मकानों से जनगणना की जानकारी जुटाई। जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि एक मई से शुरु होने वाली जनगणना को लेकर 72 सुपरवाईजर को ट्रेनिंग देकर तैयार किया गया है। जिन्हें बुधवार को प्रगणक बनाकर फील्ड में भेजा गया था।


पीएंडटी कॉलोनी में जनगणना कार्य करती टीम।

#### ऑनलाइन दर्ज की जाएगी जानकारी

कागजी फॉर्म और रजिस्टरों की जगह अब हाथ से चलने वाले उपकरण, जियो-टैगिंग मैपिंग टूल और एक केंद्रीकृत वेब बेस्ड प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। यह पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी। करीब छह हजार फील्ड कर्मचारी मोबाइल डिवाइस से घरों के आंकड़े जुटाएंगे। मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र रघुवंशी का कहना है कि फील्ड में ट्रॉयल के दौरान व्यवहारिक जानकारी भी सुपरवाईजर्स को दी गई है।

#### अफसर करेंगे रियल टाइम निगरानी

*इस जनगणना में फील्ड में जाने वाले प्रगणक और सुपरवाईजर्स की अफसर रियल टाइम निगरानी करेंगे, जिससे काम में आसानी होगी। प्रगणकों को पहचान पत्र भी जारी किए जाएंगे। प्रगणक समय के हिसाब से रोजाना दस मकानों की हाउस लिस्टिंग कर सकेंगे। उन्हें एक ब्लॉक में करीब दो सौ मकानों की जनगणना की जिम्मेदारी दी जाएगी। आम लोग 16 से 30 अप्रैल तक खुद ही अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद सेल्फ एन्युमरेशन विंडो बंद हो जाएगी। इसके बाद 1 मई से 30 मई तक प्रदेशभर में मैदानी सर्वे शुरू होगा।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों से की मुलाकात व चर्चा


बैठक में चर्चा सीएम डॉ. यादव, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया, डॉ. वीरेंद्र व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के संसद सदस्यों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय संचार और उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल के साथ महेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र के सांसदों से विकास के मुद्दों पर वन-टू-वन चर्चा की।

### राज्य छठा वित्त आयोग के अध्यक्ष पवैया को मंत्री दर्जा, वेतन-भत्ते मंत्रियों की तरह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन ने अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य छठा वित्त आयोग जयभान सिंह पवैया को मंत्री स्तर का दर्जा प्रदान किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार प्रोटोकाल की दृष्टि से पवैया को प्रदेश के मंत्री के समतुल्य वेतन, भत्ते तथा अन्य सुविधाएं निर्धारित रहेंगी।

---

### विस अध्यक्ष तोमर ने समिति सदस्यों को नाम निर्दिष्ट किया

#### कार्य मंत्रणा समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति व सदस्य सुविधा समिति का गठन

## विधानसभा अध्यक्ष ने वर्ष 2026-27 के लिए सदन समितियों का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधान सभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने वर्ष 2026-27 की अवधि में सेवा करने के लिए सदन समितियों का गठन किया है। गठन के क्रम में कार्य मंत्रणा समिति, शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा सदस्य सुविधा समिति का गठन करते हुए सभापति नियुक्त करते हुए समिति सदस्यों को नाम निर्दिष्ट किया गया है।

कार्यमंत्रणा समिति के सभापति विधान सभा अध्यक्ष तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोपाल भार्गव, हेमंत खण्डेलवाल, डॉ. सीतासरन शर्मा, अजय विश्नोई, सुश्री मीना सिंह मांडवे, हरिशकर खटीक, सोहनलाल बाल्मीक, यादवेन्द्र सिंह, लखन घनघोरिया एवं हेमंत सत्यदेव कटारे को सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है।

#### यह होंगे सभापति व सदस्य

विधायक हरिशंकर खटीक को शासकीय आश्वासनों सबंधी समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, गौरव पारधी, विष्णु खत्री, राजेश सोनकर, रामनिवास शाह, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, राकेश शुक्ला (गोलू), सुनील उड़के, डॉ. विक्रांत भूरिया एवं राजन मण्डलोई को समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। विधायक अरुण भीमावद को प्रश्न एवं संदर्भ समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक हरिसिंह सप्रे, राजेश वर्मा, प्रणय प्रभात पाण्डेय, नारायण पटेल, अनिल जैन (निवाडी), इंजी. गोपाल सिंह, श्याम बरडे, बाला बच्चन, झूमा ध्यानसिंह सोलंकी एवं सुरेश राजे को समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन को सदस्य सुविधा समिति का सभापति नियुक्त करते हुए विधायक मोहन शर्मा, प्रहलाद लोधी, मनोज पटेल, घनश्याम चन्द्रवंशी, राजकुमार कर्राहे, राजेन्द्र भारती, रजनीश सिंह एवं डॉ. रामकिशोर दोगने समिति का सदस्य नाम निर्दिष्ट किया गया है।

#### पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, समाज की आवाज बनें पत्रकार : तोमर


श्रमजीवी पत्रकार संघ के अधिवेशन में मौजूद विस अध्यक्ष तोमर।

मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने खरगोन में श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आयोजित वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है। पत्रकार समाज की आंख और कान हैं, जिनकी कलम के माध्यम से आमजन की पीड़ा, समस्याएं और अपेक्षाएं शासन-प्रशासन तक पहुंचती हैं।


### 21 अप्रैल से आंदोलन करने की घोषणा

## जीएमसीः डॉक्टरों का सीधी भर्ती के खिलाफ पेन डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में बुधवार को सीधी भर्ती के विरोध में चिकित्सा शिक्षकों ने एक घंटे का पेन डाउन कर विरोध जताया। डॉक्टरों का आरोप है कि इससे उनकी पदोन्नति और भविष्य प्रभावित होगा।

प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (पीएमटीए) ने वर्षों से लंबित मांगों के निराकरण और पदोन्नति के पदों पर सीधी भर्ती के विरोध में 21 अप्रैल से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने की भी घोषणा की है। पीएमटीए के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीया ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह अवैधानिक है और इससे चिकित्सा शिक्षकों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। डॉक्टरों ने पेन डाउन आंदोलन कर विरोध दर्ज कर डीन डॉ. कविता एन सिंह को बहिष्कार पत्र सौंपा। प्रदर्शन में चिकित्सा शिक्षक एडमिन ब्लॉक में जुटे। डॉ. अविनाष ठाकुर, महासचिव, प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने बताया कि पात्र शिक्षकों ने व्यक्तिगत बहिष्कार पत्र भी जमा कर दिए हैं।


विरोध करते चिकित्सा शिक्षक।

### स्कूलों में प्रवेश के लिए आज निकाली जाएगी ऑनलाइन लॉटरी

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा गुरुवार दोपहर 2 बजे निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन लॉटरी निकाली जाएगी, जिसका सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के किया जाएगा। आवेदक दोपहर 2:15 बजे के बाद बच्चों को आवंटित शाला की जानकारी आरटीई पोर्टल पर देख सकेंगे। साथ ही आवंटन पत्र भी डाउनलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही आवेदकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से जानकारी भेजी जाएगी।

- राज्य शिक्षा केन्द्र आज दोपहर 2 बजे शुरू करेगा ऑनलाइन लॉटरी की प्रक्रिया

# अब 13 के बजाए 9 फेरे लगाएगी भोपाल मेट्रो

## 21 दिसंबर से हुई थी शुरुआत, 5 जनवरी को फेरे बदले, नया शेडयूल 3 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मेट्रो ने एक बार फिर टाइमिंग और फेरों में बदलाव किया है। मेट्रो का संचालन अब सुबह 11 बजे से शाम 4.30 तक होगा। इसी तरह फेरे घटाकर 9 कर दिए गए हैं। नया शेड्यूल 3 अप्रैल से लागू होगा। 21 दिसंबर-25 को 17 फेरों के साथ शुरू हुई मेट्रो की टाइमिंग और फेरे 5 जनवरी को बदले गए थे। उसके 86 दिन बाद मेट्रो प्रशासन ने यह दोबारा बदलाव किया है।

सुभाष नगर से एम्स के बीच सिग्नलिंग का काम शुरू हो गया है। सिग्नलिंग नहीं होने से फिलहाल ट्रेनों का संचालन एक ही ट्रैक पर किया जा रहा है। ट्रेनों की फ्रिक्वेंसी करीब 75 मिनट रखी गई है, जिससे यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।

### सुबह 9 बजे से चलती थी मेट्रो



मेट्रो की शुरुआत 20 दिसंबर 2025 को हुई थी और 21 दिसंबर से कॉमर्शियल रन शुरू हुआ। शुरुआती दिनों में मेट्रो सुबह 9 बजे से चलती थी और 17 फेरे लगाए जाते थे। इसके बाद 5 जनवरी को पहली बार बदलाव किया गया, जिसमें फेरे घटाकर 13 कर दिए गए और टाइमिंग दोपहर 12 से शाम 7:30 बजे तक कर दी गई थी। अब टाइमिंग घटाकर 11 से 4:30 कर दी गई है।




## भोपाल मेट्रो अंडरग्राउंड टनल के लिए खुदाई का मामला...

# पांच मंजिला इमारत में 'काम ठप', 80 से ज्यादा कारोबारी संकट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रियलिटी चेक

शहर के रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक मेट्रो के लिए अंडरग्राउंड टनल के लिए टीबीएम से खुदाई को लेकर असमंजस बना हुआ है। दरअसल, मामला सुरक्षा और सावधानी से जुड़ा है, लेकिन इसे लेकर मेट्रो प्रशासन अपना रुख साफ नहीं कर रहा है कि जिन भवनों के नीचे खुदाई होना है उन्हें खाली करवाना है या नहीं। केवल लोहे की सेंटिंग और दरारों को मापने स्केल लगा दिए हैं। 45 साल पुराने शालीमार ट्रेड सेंटर में कई होटल, साफटवेयर कंपनी के कार्यालय, फायर इक्यूपमेंटस की एजेंसी व अन्य व्यवसायी केंद्र हैं।

इन कार्यालयों के बीचोंबीच लोहे के एंगल लगे होने के कारण खुद यहां काम करने वाले कर्मचारी न तो बैठ पा रहे हैं न ही कस्टमर आ रहे हैं। दशहत के बीच वे अपनी डयूटी तो कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि मेट्रो प्रशासन ने कुछ भी साफ नहीं किया कि वे भवन खाली करें या नहीं, केवल सेंटिंग लगाकर चले गए। ऐसे में रोज लाखों रुपए का नुकसान व्यापारिक केंद्रों को उठाना पड़ रहा है।

**1** 45 साल पुरानी इमारत में सॉफ्टवेयर कंपनी, फायर इक्यूपेंटस रिशेप्सन व रूम में सेंटिंग, सीढ़ियों को किया ब्लॉक

**2** मेट्रो प्रशासन ने निगम को पत्र लिख पल्ला झाड़ा, सर्वे करने नहीं पहुंचे इंजीनियर दहशत के बीच लोग कर रहे काम

**3** व्यवसायी बोले-क्लोज करना है कि काम करना है, कुछ भी साफ नहीं



शालीमार ट्रेड सेंटर की दुकानों में लगे लोहे के सपोर्ट।

### पूरे भवन को लोहे के जाल में बदला

भोपाल मेट्रो परियोजना के तहत रेलवे स्टेशन से पुल पातरा के बीच अंडरग्राउंड टनल निर्माण का काम दो दिन पहले शुरू किया गया था, लेकिन सुरक्षा और सावधानी को लेकर पुख्ता इंतजाम नहीं करने के कारण भवन में कारोबार कर रहे लोगों के सामने मुश्किलें खड़ी हो गई हैं। भवन में जगह-जगह अस्थायी सपोर्ट (लोहे की सेंटिंग) लगाई गई है। पूरे भवन को लोहे के जाल में बदल दिया है। जगह-जगह लोहे के एंगल और सपोर्ट स्ट्रक्चर लगाए गए हैं, जिससे ऑफिसों के भीतर काम करना मुश्किल हो गया है। कई स्थानों पर सीढ़ियों के रास्ते तक बाधित कर दिए गए हैं, जबकि होटल के रिसेप्शन और कमरों तक में सेंटिंग के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है।

### पहले किया था, अभी सर्वे नहीं किया

निगम के कार्यपालन यंत्री अनिल टटवाडे का कहना है कि एक साल पहले सर्वे किया था, लेकिन वर्तमान में सर्वे नहीं किया है। अगर निर्देश मिलेंगे तो सर्वे किया जाएगा।

### निगम आयुक्त का तर्क- हमें पत्र मिला है, इंजीनियरों को भेजा है

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि मेट्रो प्रशासन की ओर से हमें पत्र मिला है। उसे इंजीनियरों को भेज दिया गया है। सर्वे करवाने के बाद ही उचित निर्णय लेंगे।

### मेट्रो प्रशासन बोला- अब जो भी करना है निगम करेगा

भवन को खाली करवाने के मामले को लेकर निगम प्रशासन का कहना है कि अब जो भी करना है वो निगम को करना है। सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन किया जा रहा है। रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम लगा है, लेकिन व्यापारिक केंद्र के लोगों को हो रहे नुकसान, भवन खाली करने और मुवाअजे को लेकर मेट्रो प्रशासन से जुडे अधिकारियों के पास ही कोई जवाब नहीं है।

### क्या कहते हैं कारोबारी

#### न तो बैठ पा रहे हैं न कस्टमर आ रहे



एक साल पहले तीन बार सर्वे किया गया था। उसके बाद से कोई नहीं आया। अब लोहे के एंगल कार्यालय में ही लगा दिए हैं। न तो बैठ पा रहे हैं न कस्टमर आ रहे हैं। रास्ते ब्लॉक हैं। हम लोगों को अपना कारोबार बंद करना है या करना है इसे लेकर तो कुछ भी नहीं बताया गया। हमारा नुकसान हो रहा है।

**गजानन नरबहरे, फायर साल्यूशन**

#### हमारे नुकसान की भरपाई कौन करेगा



लोहे की सेंटिंग कार्यालय के अंदर ही लगा दी है। सामने भी लगाई है। आना-जाना मुश्किल है। नुकसान हो रहा है। मेट्रो प्रशासन या नगर निगम को मामले को साफ करना चाहिए कि हमें यहां कारोबार करना है या फिर कुछ दिनों के लिए बंद करना है। हमारे नुकसान की भरपाई कौन करेगा।

**रिजवान अली, सॉफ्टवेयर कंपनी**



भवन के ग्राउंड फ्लोर पर लगे लोहे के सपोर्ट।

## अशोका गार्डन में होटल कारोबारी विजय मेवाड़ा की हत्या का है आरोप

# रातीबड़ के जंगल में छिपा था हत्यारा आसिफ बम, पुलिस को देख चलाई गोली, जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

परिजन और रहवासियों ने मिलकर किया प्रदर्शन, महिलाएं पहुंची, आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग

सीएम हाउस की तरफ बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने खदेड़ा, किया लाठी चार्ज, प्रदर्शनकारियों पर दर्ज किया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित प्रगति नगर में होटल कारोबारी विजय मेवाड़ा की चाकू गोदकर हत्या करने वाले दोआरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। तीसरा मुख्य आरोपी आसिफ बम हत्या के बाद रातीबड़ के समसपुरा जंगल में छिपा हुआ था। सूचना मिलते ही अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस की टीम आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची।

इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपी ने फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायर किया और गोली आरोपी आसिफ बम के पैर में घुटने के पास लगी। पुलिस ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपी पर नजर रखने पुलिस की टीम अस्पताल में डेरा डाले हुए है।

### प्रदर्शनकारियों की मांग...आरोपियों के अवैध निर्माण पर चले बुलडोजर



अस्पताल में भर्ती आरोपी आसिफ बम।

आसिफ बम की गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा दिलाने की मांग कर रहे सैकड़ों रहवासी रोशनपुरा चौराहा से पॉलिटेक्निक चौराहा पहुंच गए। वे सीएम हाउस का घेराव करना चाहते थे। लिहाजा पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। परिजन और प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे सुभाष कॉलोनी निवासी 35 साल का विजय मेवाड़ा होटल बंद करने के बाद प्रगति नगर अपने कर्मचारी को छोड़ने गया था। वहां पूर्व से आसिफ साथियों के साथ खड़ा मिला। आसिफ ने विजय के कर्मचारी के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। आरोपी कर्मचारी को कह रहा था कि अभी यहीं रुक थोड़ी देर बाद चले जाना। विजय ने आसिफ को समझाने का प्रयास किया। इससे नाराज आसिफ ने साथियों के साथ मिलकर विजय से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। सीने में चाकू लगने से विजय की मौत हो गई।



पॉलिटेक्निक चौराहे पर प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस।

### प्रदर्शन के बीच पुलिस को मिली आरोपी की सूचना

परिजन और रहवासियों के प्रदर्शन के बीच पुलिस को सूचना मिली कि आसिफ बम रातीबड़ के समसपुरा में छिपा है। तत्काल अशोका गार्डन और जहांगीराबाद पुलिस की टीम रातीबड़ पहुंची और समसपुरा इलाके में सड़क पर उन्हें आसिफ बम नजर आया। पुलिस को देखकर आसिफ बम ने जंगल की तरफ दौड़ लगा दी। पुलिस उसे पकड़ने के लिए पीछे पहुंची। पुलिस को पीछे आता देख आसिफ ने देशी कट्टे से फायर किया। हालांकि किसी पुलिसकर्मी को गोली नहीं लगी। दूसरा फायर उससे हो नहीं सका। पुलिस की टीम ने दो अधिकारियों ने आसिफ बम पर फायर किया था। एक फायर मिस हो गया, जबकि दूसरा फायर आसिफ बम के पैर में घुटने के पास लगा था।



सीएम हाउस की ओर जाते प्रदर्शनकारी।

### हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस

शॉर्ट इनकाउंटर के बाद पुलिस की टीम आसिफ बम को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची। वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि शॉर्ट इनकाउंटर में उसे घुटने पर गोली लगी है। आसिफ का इलाज पुलिस की टीम की मौजूदगी में किया जा रहा है। उसके ठीक होते ही पुलिस उस पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कोर्ट में पेश करेगी। आसिफ बदमाश जुबेर मौलाना की गैंग का सदस्य है। आरोपी पर पूर्व में 8 अपराध दर्ज हैं। विजय मेवाड़ा की हत्या में साथ देने वाले उसके साथी इमरान पर पांच अपराध तो आरिश उर्फ फरमान पर 9 अपराध दर्ज हैं।

## नए अंदाज में निगम में टीएल की बैठक

# कमिश्नर ने अफसरों से अगले 6 माह का प्लान लिखवाया, कहा- क्या-क्या काम करेंगे, अभी लिखकर दें

*तीन घंटे चली बैठक में निगम आयुक्त ने अधिकारियों को काम बांटा, प्लान पढ़ा, तरीके भी पूछे*




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए वित्तीय वर्ष के पहले दिन बुधवार को नगर निगम में टीएल की बैठक संभवत पहली बार नए अंदाज में हुई। बैठक शुरू होते ही निगम आयुक्त ने अधिकारियों से आगामी छह माह का प्लान और कैसे काम करेंगे इसकी जानकारी पूछी। उसके बाद उन्होंने पेन-पेपर उठाकर लिखकर देने की बात कही। परीक्षा हाल की तर्ज पर अधिकारियों ने कागज पर प्लान लिखकर दिया, लेकिन इसे लिखने में अधिकारियों को पसीना आ गया। यही नहीं, आयुक्त ने एक-एक प्लान पढ़ा और उस पर कैसे काम करेंगे यह भी जानकारी मांगी। तीन घंटे चली बैठक में केवल छह माह के आगामी प्लान को लेकर चर्चा हुई।

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शाम 4 बजे से टीएल बैठक ली। यह बैठक रात 8 बजे तक चली। बैठक शुरू होते ही आयुक्त ने सभी अधिकारियों से कहा कि पेन-पेपर उठाएं और अगले 6 माह में क्या-क्या काम करेंगे, इसकी जानकारी लिखकर दें। यह सुनते ही अधिकारी एक-दूसरे को देखने लगे। किसी को 30 मिनट तो किसी को 50 मिनट प्लानिंग लिखने में लग गए। आयुक्त ने एक-एक कागज पर लिखे प्लॉन को बारीकी से पढ़ा और प्लानिंग के तरीके भी पूछे।

सूत्रों के अनुसार इस बार बैठक में निगम आयुक्त ने किसी को फटकार तो नहीं लगाई, लेकिन कुछ अधिकारियों के कामकाज से नाराज जरूर नजर आईं। ऐसे अधिकारियों को बदलने के संकेत कमिश्नर संस्कृति जैन ने दिए। दरअसल, कामकाज में लापरवाही को लेकर उन्हें कुछ शिकायतें मिली हैं।

## कलेक्टर ने देखा निर्माण का काम, जल्द होगी शिफ्टिंग

# लालघाटी पर नई बिल्डिंग में शिफ्ट होगी हुजूर तहसील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार के बाद अब हुजूर एसडीएम ऑफिस भी नई बिल्डिंग में शिफ्ट होगा। यह बिल्डिंग लालघाटी चौराहे के पास बनाई जा रही है। बुधवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बिल्डिंग के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखने की हिदायत भी दी।

कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नाजिर शाखा, कानूनगो शाखा, पटवारी कक्ष, आरआई कक्ष और तहसील में आने वाले लोगों की सहुलियत को लेकर जानकारी ली। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि समय-सीमा और जरूरी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई है। कलेक्टर ने कहा कि तहसील कार्यालय में आम लोगों की सुविधाओं का पूरा इंतजाम किया जाए। उन्होंने भवन निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखने की हिदायत दी।



जिला प्रशासन के अफसरों के साथ कलेक्टर ने नई बिल्डिंग का दौरा कर निर्माण कार्य देखा और निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने देखे 1.35 करोड़ के निर्माण

कलेक्टर ने मुगालिया छाप का भी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करीब 1.35 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित दुकान, सीसी रोड नाली, शांतिधाम उन्नयन और सौंदर्यीकरण के कामों की जानकारी ली। उन्होंने कामों की गुणवत्ता को पूरी तरह से करने की बात कही।

## कम जगह में हाइड्रोलिक सिस्टम से होगा संचालन

# अब बनेगी पजल सिस्टम कार पार्किंग, मल्टीलेवल का प्लान बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बेंगलुरू, दिल्ली-मुंबई के बाद प्रदेश की पहली पार्किंग होगी

10 नंबर मार्केट में होगा निर्माण, कम जगह में पार्क होंगी ज्यादा कार

राजधानी में अब जल्द ही बैंगलुरू, दिल्ली-मुंबई के बाद प्रदेश की पहली पजल सिस्टम कार पार्किंग बनेगी। यह पूरी तरह से हाईड्रोलिक सिस्टम से चलेगी। यानि कम जगह में भी आसानी से बड़ी संख्या में कार पार्क हो सकेंगी। इसका निर्माण 10 नंबर मार्केट में होगा। पहले यहां मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाना थी। जिस पर करीब 10 से 15 करोड़ रूपए खर्च होने थे, लेकिन जिस जगह पर यह पार्किंग बनाई जाना थी उसका लैंड यूज चैंज नहीं हो सका। इसलिए निगम ने इस प्रस्ताव को कैंसिल कर दिया। वर्तमान में हैदराबाद के केबीआर पार्क सहित दक्षिण दिल्ली लाडोसराय, मंबई के बांद्रा में शॉपर्स स्टॉप, नवी मुबई, पनवेल, ठाणे और बैंगलोर में इस तरह की पार्किंग सफल हो चुकी हैं। पहली बार इस तरह की पार्किंग भोपाल में 10 नंबर मार्केट में बनने जा रही है।

### विरोध के बाद बदली गई पार्किंग



प्रतीकात्मक चित्र

10 नंबर मार्केट के पास खसरा नंबर-69 के अंश भाग पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने निगम ने अगस्त 2024 में प्रस्ताव बनाया था। करीब 63 हजार 94 स्क्वार फीट यानि एक एकड़ 58 डेसीमल भूमि पर यह पार्किंग बनना था। वहीं आवासीय थी, इसलिए 6 अगस्त 2024 को निगम प्रशासन ने कलेक्टर को पत्र लिखकर भूमि अपने नाम ट्रांसफर करने को कहा था। वहीं इसका प्रस्ताव निगम ने 30 अगस्त 2024 को परिषद में भेजा था। जहां कांग्रेस पार्षद योगेन्द्र सिंह चौहान ने आपत्ति दर्ज करवाते हुए कहा था कि पहले से भोपाल में बनी मल्टीलेवल पार्किंग का सही से उपयोग नहीं हो रहा है। इसलिए इतनी बड़ी राशि खर्च करना ठीक नहीं है।

### 80 लाख रूपए सालाना किराया पर देगा निगम

हाल ही में नगर निगम ने 10 नंबर मार्केट में पजल सिस्टम कार पार्किंग के लिए ऑफर बुलाए हैं। ऑफर के मुताबिक निगम ने सालाना 78 लाख 75 हजार रूपए तय किए हैं। इसमें जो कंपनी टेंडर लेगी, उसे पजल सिस्टम कार पार्किंग सिस्टम का संचालन, मेंटनेंस भी करना होगा।

### शहर में यहां-यहां हैं मल्टीलेवल पार्किंग

शहर में एमपी नगर जोन-1 सहित न्यू मार्केट, इब्राहिमपुरा और संत नगर में नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग हैं। एक बेसमेंट पार्किंग एमपी नगर जोन-2 में भी है, लेकिन वर्तमान में इसका उपयोग नहीं हो रहा। वहीं जोन-1 और न्यू मार्केट में पार्किंग होने के बावजूद ज्यादातर वाहन सडक़ पर ही खड़े हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### बिमटेक और स्विस री इंडिया के एमओयू

**नोएडा।** ग्लोबल रीइंश्योरेंस कंपनी स्विस री इंडिया ने बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) के साथ मिलकर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंश्योरेंस बिजनेस मैनेजमेंट (पीजीडीएम-आईबीएम) के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य इंडस्ट्री-ओरिएंटेड एजुकेशन और रिसर्च के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार इंश्योरेंस टैलेंट विकसित करना है। इस सहयोग के तहत रीइंश्योरेंस कोर्सेज और एग्जीक्यूटिव मेंटरिंग प्रोग्राम्स का को-डेवलपमेंट भी शामिल है।

### एक्सिस बैंक ने पेश किया 'असली केवाईसी' कैंपेन

**मुंबई।** एक्सिस बैंक अपने नए कैंपेन 'दिल से ओपन– असली केवाईसी' के साथ ब्रांड स्टोरीटेलिंग में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। यह केवल एक ब्रांड पहल नहीं है, बल्कि बैंक के भीतर एक सांस्कृतिक बदलाव का संकेत भी है, जो कर्मचारियों को प्रतिक्रियात्मक सेवा से आगे बढ़कर सक्रिय जुड़ाव की दिशा में प्रेरित करता है और गहरे रिश्तों के माध्यम से निरंतर उत्कृष्टता और वैल्यू निर्माण को बढ़ावा देता है। यह कैंपेन दिल से ओपन यात्रा का विस्तार है।

### गैलेक्सी ए57 5जी और ए37 5जी लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए57 5जी और ए37 5जी को भारत में लांच कर दिया है। ये डिवाइस यूज़र्स को बेहतरीन एआई अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं। ये फोन 'ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग' को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है। गैलेक्सी ए57 5जी और ए37 5जी में एआई का सबसे नया और खास फीचर 'डायरेक्ट वॉइसमेल' है।

### क्वॉइन डीसीएक्स ने की 100 करोड़ फंड की घोषणा

**नई दिल्ली।** क्वॉइन डीसीएक्स ने साइबर धोखाधड़ी से निपटने और डिजिटल सुरक्षा मजबूत करने के लिए 100 करोड़ रुपए के डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क की घोषणा की है। यह पहल 24x7 वॉट्सएप हेल्पलाइन, फ्रॉड इंटेलिजेंस एपीआई और 1,200 से अधिक फर्जी वेबसाइटों के डेटाबेस के जरिए यूजर्स को सुरक्षित रखने और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। यह वेबसाइट हमारे प्लेटफ़ॉर्म, हमारे सिस्टम या क्वॉइन डीसीएक्स से किसी भी तरह जुड़ी नहीं थी। क्वॉइन डीसीएक्स के माध्यम से कोई पैसा नहीं गया, कोई लेन-देन नहीं हुआ।

### टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी के दो वैरिएंट पेश

**बेंगलुरु।** टीवीएस मोटर कंपनी ने टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी के मौजूदा टॉप वेरिएंट के साथ दो नए वेरिएंट पेश करने की घोषणा की। टीवीएस अपाचे आरटीआर ने 160 सीसीसेगमेंट को एक नई पहचान दी है यह अपनी श्रेणी में सबसे शक्तिशाली और लोकप्रिय मोटरसाइकिल के रूप में नए मानक स्थापित कर रही है। इस अपडेट के साथ, अब पूरी टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 4वी रेंज में प्रोजेक्टर हेडलैंप, ऑल-एलईडी लाइटिंग और असिस्ट एवं स्लिपर क्लच की सुविधा मिलेगी।

### एचडीएफसी बैंक को मिला बेस्ट बैंकिंग का पुरस्कार

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड-2026 में इंडियास सेफेस्ट प्राइवेट बैंक' व इंडियास बेस्ट प्रीमियर बैंकिंग के रूप में सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का आयोजन यूरोमनी पत्रिका द्वारा किया गया था। अपनी वेबसाइट पर यूरोमनी ने लिखा सबसे सुरक्षित निजी बैंक-एचडीएफसी बैंक, भारत में सबसे सुरक्षित निजी बैंक के रूप में एचडीएफसी बैंक की पहचान तीन मुख्य क्षेत्रों, पूंजीगत लचीलापन, ऋण जोखिम के प्रति अनुशासित दृष्टिकोण, और मजबूत जोखिम प्रबंधन की नींव के प्रति संस्थागत प्रतिबद्धता के मजबूती पर आधारित है।

## यूनेस्को हाउस नई दिल्ली में आयोजित अर्थ अवार्ड 2026 में मिला सम्मान

# विश्व मंच पर आयुर्वेद की गूंजः वैश्विक पहचान दिलाने वाले आचार्य बालकृष्ण को मिला 'विश्व आयुर्वेद रत्न' सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाने और भारतीय ज्ञान-परंपरा के संरक्षण में निरंतर कार्य कर रहे श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण को एक और अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। नेट ग्रीन फाउंडेशन की ओर से आयोजित अर्थ अवार्ड एंड हाई इंपैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के अंतर्गत उन्हें 'विश्व आयुर्वेद रत्न' से अलंकृत किया गया। यह गरिमामयी समारोह यूनेस्को हाउस नई दिल्ली में आयोजित हुआ। जिसमें देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहें। हालांकि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इस सम्मान को आयुर्वेद की उस महान परंपरा को समर्पित किया जो हजारों वर्षों से मानवता के समग्र स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का मार्ग प्रशस्त करती आई है।

इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने आयुर्वेद और सतत विकास के बीच गहरे संबंध पर विचार साझा किए



**विशेषज्ञ और नीति-निर्माता उपस्थित रहे**

उन्होंने कहा कि यह सम्मान किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि उस समृद्ध भारतीय परंपरा का है, जिसने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सिद्धांत को जीवन में उतारा। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा तथा यूनेस्को की प्राकृतिक विज्ञान इकाई के प्रमुख डॉ. बेन्नो बोएर सहित कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और नीति-निर्माता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने आयुर्वेद और सतत विकास के बीच गहरे संबंध पर विचार साझा किए।

### नेट ग्रीन फाउंडेशनः सतत विकास का वैश्विक मंच

नेट ग्रीन फाउंडेशन एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर ऐसे प्रयासों को पहचान देना है, जो प्रकृति और मानव के बीच संतुलन स्थापित करें। अर्थ अवार्ड इसी पहल का हिस्सा है, जहां विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाता है।

### आयुर्वेद को वैश्विक पहचान दिलाने का मिशनः आचार्य बालकृष्ण

आचार्य बालकृष्ण ने आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़कर उसे विश्व पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पतंजलि के माध्यम से उन्होंने न केवल आयुर्वेदिक उत्पादों को घर-घर तक पहुंचाया, बल्कि शोध, शिक्षा और औषधीय पौधों के संरक्षण में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

## अलविदा आयकर अधिनियम 1961: नए एक्ट 2025 में 5 बड़े बदलाव

# कर सलाहकार बोले-सरकार का उद्देश्य नियमों को आसान व समझने योग्य बनाना

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर में बुधवार 1 अप्रैल से टैक्स से जुड़े नियमों में अहम बदलाव लागू हो गए हैं। जिनका असर इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर ) फाइन करने वाले समेत अन्य लोगों पर पड़ने वाला हैं। अब तक लागू 1961 का पुराना आयकर कानून हटाकर उसकी जगह नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू किया गया है।

कर सलाहकार एवं एडवोकेट मुनिंद्र वैद्य तथा वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन ने कहाकि नए एक्ट 2025 में 5 बड़े बदलाव किए है। इस बदलाव के पीछे सरकार का उद्देश्य नियमों को ज्यादा आसान और समझने योग्य बनाना है। ताकि टैक्सपेयर्स को प्रक्रिया में कम दिक्कत हो और वे बिना उलझन के नियमों का पालन कर सकें।मुनिन्द्र वैद्य ने कहाकि स्टेट जीएसटी डिपार्टमेंट द्वारा एक एसओपी जारी करके ये बताया गया है कि एक अप्रैल दो हजार छब्बीस से डिपार्टमेंट के समस्त कार्य वर्चुअल माध्यम से किए जाएंगे। अब करदाता एवं कर सलाहकार को डिपार्टमेंट में उपस्थित नहीं होना पड़ेगा एवं वर्चुअल माध्यम से उन्हें ईयरिंग अथवा सुनवाई का मौका दिया जाएगा।




### एचआरए क्लेम के नियम हुए सख्त

मकान किराया भत्ता के नियमों में बदलाव किया गया है। नए नियमों के तहत फर्जी रसीदों के जरिए टैक्स बचाना आसान नहीं रहेगा। अब कर्मचारियों को किराए से जुड़ा सबूत देना होगा। इसके लिए मकान मालिक का पेन नंबर भी साझा करना जरूरी होगा। वहीं कुछ मामलों में उनकी पूरी जानकारी भी मांगी जा सकती है। इसके साथ ही बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को मेट्रो शहरों की सूची में शामिल किया गया है। जहां अब एचआरए पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी, जो पहले 40 फीसदी थी।

### टैक्स सिस्टम को किया गया और आसान

*नए नियमों के तहत अब टैक्स से जुड़े प्रावधानों के लिए आसान भाषा का इस्तेमाल किया जाएगा। जिससे आम लोग भी इसे आसानी से समझ सकें। इसके साथ ही पहले जो वित्त वर्ष और असेसमेंट ईयर का अलग-अलग सिस्टम था, उसे हटाकर अब एक ही 'टैक्स ईयर' लागू किया गया है। यानी जिस साल आय होगी, उसी को सीधे टैक्स के लिए माना जाएगा। इसके अलावा जो लोग टैक्स नहीं भरते हैं, उनके लिए अलग से फॉर्म भरने की जरूरत भी खत्म कर दी गई है। जिससे पूरी प्रक्रिया पहले के मुकाबले ज्यादा आसान हो गई है। गिफ्ट और वाउचर पर बढ़ी टैक्स छूट अब कंपनियों की ओर से मिलने वाले गिफ्ट कार्ड, वाउचर और कूपन पर मिलने वाली टैक्स छूट को बढ़ा दिया गया है। पहले जहां यह सीमा 5,000 रुपये सालाना थी, उसे बढ़ाकर 15,000 रुपये करने का फैसला लिया गया है।*

## ट्रांसपोर्टर चाहते हैं कि नकद भुगतान पूरी तरह बंद नहीं किया जाए

# नकद भुगतान को टोल पर पूरी तरह बंद कर केवल डिजिटल भुगतान लागू करना गंभीर चिंता का विषय

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर के टोल प्लाजा पर नकद भुगतान को पूरी तरह बंद कर केवल डिजिटल भुगतान लागू करना डिजिटल इंडिया की दिशा में सकारात्मक कदम है, किंतु इसकी वर्तमान स्वरूप में क्रियान्वयन करना परिवहन क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौतियां पैदा कर सकती है। यह बात ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्टर और वाहन चालकों ने कहा। ट्रांसपोर्टर और वाहन चालकों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सराहनीय है, जिससे पारदर्शिता आएगी और समय की बचत होगी, लेकिन जमीनी हकीकत को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा देशभर के टोल प्लाजा पर नकद भुगतान को पूरी तरह बंद कर केवल डिजिटल (फास्टैग/यूपीआई) भुगतान लागू करने का फैसला गंभीर चिंता का विषय है। ड्राइवरों का मानना है कि ग्रामीण या सुदूर इलाकों में नेटवर्क की समस्या के कारण डिजिटल भुगतान अटक सकता है, जिससे टोल पर लंबी लाइनें लग सकती हैं। कभी-कभी फास्टैग रीडर काम नहीं करते या बैलेंस होने के बावजूद टैग ब्लैकलिस्ट हो जाता है। ऐसी स्थिति में कैश का विकल्प न होना बड़ी मुसीबत बन सकता है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के चेयरमेन सीएल मुकाती का कहना है कि 100 फीसदी डिजिटल अनिवार्य होने से, बिना फास्टैग या कम बैलेंस वाली गाड़ियों को टोल प्लाजा पर रोका जा सकता है, जिससे माल ढुलाई में देरी होगी। नियम के अनुसार यदि फास्टैग काम नहीं करता है, तो डिजिटल भुगतान (यूपीआई) करने पर भी सामान्य से अधिक शुल्क देना पड़ सकता है, जो उनके लिए आर्थिक बोझ है। हमारे देश में जागरूकता का अभाव है, देश में बड़ी संख्या में ऐसे कमर्शियल वाहन चालक हैं, जो डिजिटल तकनीक से अनभिज्ञ हैं या जिनके पास ऑनलाइन भुगतान के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

**कदम सराहनीय लेकिन हकीकत नजरअंदाज नहीं**

### नगद भुगतान का एक काउंटर टोल प्लाजा पर रखना ही होगा


ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि शासन ने यह निर्णय लिया है कि फास्ट्रैक के जरिए ही सारी पेमेंट टोल प्लाजा पर होगी और उसके बाद ही गाड़ियां पास हो पाएंगी। यह बहुत अच्छा निर्णय है, लेकिन इसके साथ में जो टोल नाकों पर आने वाली परेशानियां है उसकी और भी ध्यान देना होगा। ट्रक ड्राइवर या बस ड्राइवर जो गाड़ियां चलाते हैं फास्ट्रेक में कितनी अमाउंट शेष है यह कभी-कभी पता नहीं चलता। बैलेंस नहीं होने से गाड़ियां खड़ी हो जाती है, ऐसी स्थिति में नगद भुगतान कर वाहन निकल जाते थे। कई कंपनियों के फास्ट्रैक उनके कार्यालयों से अथवा ड्राइवर के यह बताने के बाद बैलेंस नहीं है, फिर बाद में उनकी कार्यालयों द्वारा चार्ज किए जाते हैं , ऐसा कई बार होता है ऐसी स्थिति में गाड़ी खड़ी हो जाएगी , अतः एक काउंटर कैश का शुरू रखना ही होगा। दूसरी बात यह है कि ट्रकों के प्रकार 10 पहिया, 20 पहिया ट्रेल, 30 चका ट्रेलर अलग-अलग किस्म के होते हैं, जो टोल पर अतिरिक्त चार्ज लेकर के पास किए जाते हैं। ऐसी गाड़ियों को फास्ट्रेक के कारण टोल पर रोक लिया जाएगा और टोल कर्मचारियों की मनमानी के बाद ही यह गाड़ियां निकलेगी। धीमा इंटरनेट चलने के कारण अथवा टोल पर कैमरा और उनकी मशीनों की खराबी के कारण आज भी कई टोल नको पर गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं जाम लग जाता है। हम यदि हाईटेक की बात कर रहे हैं तो टोल नाकों पर हाईटेक कैमरे हाईटेक मशीन और इंटरनेट की सुविधा बराबर मिलना चाहिए । यदि इन सुविधाओं के अभाव में जब कैमरे या मशीन काम नहीं कर रही है तो गाड़ियां कैसे निकालेंगे । आज भी कई बार फास्ट्रैक में बैलेंस होने के बाद भी डिस्पले ब्लैक लिस्ट दिखाता है। यह समझने पर बैलेंस है तब लकड़ी में लगा सेंसर दिखाकर या भीतर बैठा ऑपरेटर चेक कर ऐसे वाहन पास करते हैं। अतः शासन से अपील है कि पूरे मामले पर विचार करें और एक कैश काउंटर चालू रखा जाए, ताकि वाहन चालकों को असुविधा न हो और उनके दिन खराब ना हो, टोल पर जाम नहीं लगे।

## सीएनजी स्टेशनः फिर बढ़े दाम, 88.25 रुपए सीएनजी हुआ 90.75 रुपए किलो का

# पेट्रोल महंगा पड़ने से कारों में सीएनजी भराने पंपों में उमड़ रही भीड़, लग रही लंबी कतारें

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पेट्रोल-डीजल की ऊंची कीमतों के कारण लोग सीएनजी गाडियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन मांग की तुलना में सीएनजी पंपों की संख्या कम होने से शहर के ऐसे पंपों पर वाहनों की लंबी लाइन लग रही है। पहले की तुलना में सीएनजी की दाम भी बढ़े हुए हैं। बीते दिन सीएनजी 88.25 प्रति किलोग्राम था। इसके पहले भोपाल में



सीएनजी की कीमत लगभग सीएनजी 83.53 रुपए किलो थी। लेकिन बीती शाम सरकारी कंपनियों ने सीएनजी के दाम में ढाई रुपए किलो ग्राम की मूल्य वृद्धि की। इस वृद्धि की बाद आज सीएनजी स्टेशन पर इसके दाम 90 रुपए 75 पैसे किलो ग्राम हो गए है। एचपी सीएनजी स्टेशन के शास्वत रावत ने बताया कि सरकारी कंपनियों से राजधानी भोपाल में करीब 5 आउटलेट है, इसके अलावा शेष सीएनजी स्टेशन प्रायवेट कंपनी जैसे थिंक, नायरा आदि के हैं। अतः सीएनजी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी के कारण सीएनजी स्टेशनों पर भारी भीड़ और लंबी कतारें एक आम समस्या बन गई है।

## बिजनेस न्यूज

### प्रतिस्पर्धात्मक दौर में देसाई पब्लिसिटी 22 वर्षों से मीडिया जगत में भरोसे का पर्याय

**भोपाल।** आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में किसी भी व्यवसाय की सफलता के लिए प्रभावी विज्ञापन और सही रणनीति अत्यंत आवश्यक हो गई है। ऐसे समय में भोपाल की देसाई पब्लिसिटी ने पिछले लगातार 22 वर्षों से विज्ञापन और मीडिया सेवाओं के क्षेत्र में अपनी मजबूत और विश्वसनीय पहचान बनाई है। शहर के ओल्ड सुभाष नगर में स्थित यह एजेंसी लंबे समय से स्थानीय व्यापारियों, कोचिंग संस्थानों, अस्पतालों और विभिन्न संगठनों को समर्पित रूप से सेवाएं प्रदान कर रही है। अपने अनुभव, नवाचार और ग्राहकों की जरूरतों को समझने की क्षमता के कारण देसाई पब्लिसिटी आज एक भरोसेमंद नाम बन चुकी है। देसाई पब्लिसिटी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एजेंसी एक ही छत के नीचे विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विज्ञापन की सुविधा उपलब्ध कराती है। इनमें प्रमुख हैंः आकाशवाणी पर रेडियो विज्ञापन,टीवी चैनलों पर कमर्शियल विज्ञापन समाचार पत्रों में विज्ञापन और पब्लिक रिलेशन, सोशल मीडिया एवं डिजिटल मार्केटिंग, आउटडोर विज्ञापन (होर्डिंग्स, बैनर आदि)। विशेष रूप से आकाशवाणी पर जिंगल और इन-हाउस स्पॉन्सर प्रोग्राम के माध्यम से एजेंसी ने कई व्यवसायों को प्रभावी पहचान दिलाई है। देसाई पब्लिसिटी ने अपने उत्कृष्ट कार्य और भरोसेमंद सेवाओं के चलते कई प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सफलतापूर्वक कार्य किया है, जिनमें होम फाइनेंस और बैंकिंग जैसे नाम शामिल हैं। इन प्रतिष्ठित संगठनों के साथ काम करना एजेंसी की विश्वसनीयता और गुणवत्ता का प्रमाण है। एजेंसी के संचालक संजय देसाई के अनुसार हमारा उद्देश्य केवल विज्ञापन देना नहीं, बल्कि ग्राहकों के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सही रणनीति तैयार करना है। पिछले 22 वर्षों के अनुभव के साथ, देसाई पब्लिसिटी ने बैंकिंग सेक्टर, इंश्योरेंस सेक्टर, रियल स्टेट, एफएमसीजी, ज्वेलर्स, स्कूल, कोचिंग क्लासेस, हॉस्पिटल, रिटेल शॉप्स और एजुकेशनल संस्थानों के लिए कस्टमाइज्ड एड कैम्पेन तैयार कर उन्हें बेहतर परिणाम दिलाए हैं।

### सेंट पॉल स्कूल में धूमधाम से आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव



**भोपाल।** सेंट पॉल को-एड स्कूल भोपाल में प्रवेश उत्सव के माध्यम से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथियों के लिए गर्मजोशी भरे बैंड रिसेप्शन के साथ हुई। स्कूल प्रबंधक डॉ. रेव. फर. सेबेस्टियन, प्रिंसिपल रेव. फर. थॉमस कोल्लापल्ली, और मुख्य अतिथि डॉ. साकार सक्सेना, और विशेष अतिथि डॉ. मितु चौहान और छात्र रजित गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में सेंट पॉल स्कूल के भूतपूर्व छात्र डॉ.साकार सक्सेना ने शिरकत की। प्रिंसिपल डॉ. फादर थॉमस ने अपने स्वागत संबोधन में उपस्थित सभी का अभिवादन किया और कहा कि हमारे भूतपूर्व विद्यार्थी और एक सफल डॉक्टर को हम अपने बीच में पाकर गर्व का अनुभव कर रहे हैं । मुख्य अतिथि ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रवेश उत्सव सीखने की एक नई यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने 100 फीसदी उपस्थिति वाले छात्रों और ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में एक जीवंत डांस मेडले और एक शास्त्रीय प्रदर्शन शामिल था।

### जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एंबेसडर



**नई दिल्ली।** जेके मैक्स पेंट्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। अक्षय कुमार की विश्वसनीयता, भरोसा और निर्भरता जैसे गुण जेके मैक्स पेंट्स के ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। भारतीय दर्शकों और घर के मालिकों के बीच अपनी जबरदस्त लोकप्रियता के लिए मशहूर अक्षय कुमार, ब्रांड में प्रामाणिकता और एक सहज जुड़ाव लेकर आते हैं। व्हाइट सीमेंट एवं पेंट्स के बिज़नेस हेड, नितिश चोपड़ा ने कहाकि यह साझेदारी जेके मैक्स पेंट्स को एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड के रूप में स्थापित करने की हमारी यात्रा का अहम् पड़ाव है। जैसे-जैसे हम नए बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों का भरोसा जीतने और उन्हें बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले उत्पाद देने पर है।

### इंडस्ट्री लीडर्स ने किया लाइट इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सेलरेशन फोरम लांच




**नई दिल्ली।** लाइट इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सेलरेशन फोरम (लीफ) का शुभारंभ एक निष्पक्ष, उद्योग-नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के रूप में किया गया, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स और थ्री-व्हीलर्स वाहनों के अडॉप्शन में तेजी लाने के लिए ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम को आगे बढ़ाना है। इस फोरम का उद्घाटन एचडी कुमारस्वामी, ऑनरेबल यूनियन मिनिस्टर फॉर हेवी इंडस्ट्रीज एंड पब्लिक एंटरप्राइजेज ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। यह फोरम गवर्नमेंट एवं एंड रेगुलेटरी बॉडीज़ तथा इंडस्ट्री एसोसिएशन्स के साथ मिलकर कार्य करेगा, ताकि जानकारी साझा हो सके और सरकारी नीतियों के अनुसार भारत में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को गति दी जा सके। यह फोरम चार्जिंग नेटवर्क्स के बीच इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ाने, उपयोगकर्ता अनुभव की विश्वसनीयता और एकरूपता में सुधार करने तथा चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक सार्वजनिक पहुंच का विस्तार करने का लक्ष्य रखता है। लीफ का गठन हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड की इमर्जिंग मोबिलिटी बिग यूनिट, आईपीईसी इंडिया और एथर एनर्जी लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से किया गया। लीफ के संस्थापक सदस्य इसकी प्रारंभिक संचालन समिति का हिस्सा हैं। लीफ के सदस्य संस्थापक-हीरो मोटोकॉर्प की इमर्जिंग मोबिलिटी बिग यूनिट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी मशहुर कौशल्या नंदकुमार, एथर एनर्जी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रवनीत एस फोके और आईपीईसी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज़ोहरा खान-ने सामूहिक रूप से अपने विचार व्यक्त किए।

## एलएनसीटी समूह के क्वेस्ट नेचर क्लब के द्वारा 'अर्थ आवर' मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एलएनसीटी, एलएनसीटी एंड एस, एलएनसीटीई और जेएनसीटी में क्वेस्ट नेचर क्लब जो कि डब्ल्यूडब्ल्यूएफ से रजिस्टर्ड है के द्वारा 'अर्थ - आवर'मनाया गया, इस अवसर एलएनसीटी समूह के क्वेस्ट नेचर क्लब एवं एलएनसीटी विश्वविद्यालय की विभिन्न संस्थाओ ने , डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के द्वारा प्रारंभ किए गए 'अर्थ - आवर' कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी को निभाया , स्टूडेंट्स , शिक्षकों , कर्मचारियों ने गेर जरुरी बिजली को बंद रखने , सदैव बिजली की बचत करने , जल के संरक्षण , प्लास्टिक ओर पेपर के उपयोग को सीमित करने , वृक्षारोपण करने, पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता की शपथ ली, साथ ही नॉन इसेंशियल लाइट को रात 8:30 से 9:30 तक बंद रख के पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। गजल सचदेव



यूनिवर्सल वुमन एशिया 2025 , डब्ल्यू डब्ल्यू एफ मप्र ओर छग की डायरेक्टर श्रीमती स्वाति मोघे और गणमान्य जन ने एलएनसीटी समूह के स्टूडेंट्स को अर्थ-ऑवर के अवसर पर डीबी सिटी माल में हुए कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया।


### सार्वजनिक सूचना

मैं, अनादि नेमा, पुत्र राजेंद्र नेमा, निवासी जीजाबाई विद्यालय के सामने, नरसिंहपुर नाका, बिंद्रा कॉलोनी, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश - 480001, आम जनता की जानकारी के लिए यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे पिता का नाम राजेंद्र नेमा से बदलकर राजेंद्र कुमार नेमा कर दिया गया है। यह परिवर्तन भविष्य के सभी कार्यों और अभिलेखों के लिए लागू होगा। मैं यह भी अनुरोध करता/करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट अभिलेखों में भी यह संशोधित नाम दर्ज किया जाए। संबंधित सभी लोगों से अनुरोध है कि वे इस परिवर्तन पर ध्यान दें।

स्थानः छिंदवाड़ा, दिनांकः 02-04-2026

### कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी

क्र. 112/स्टोर / 4090 दिनांक :-30/03/2026

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा पचमढ़ी पिपरिया मार्ग में खालसा पुल से शहीद स्मारक तक डेकोरेटिव लाईट पोल मय इंस्टालेशन सहित लगवाना चाहती है, इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदस सील बंद लिफाफे में दिनांक 06/04/2026 तक सांय 16:00 बजे तक कार्यालय छावनी परिषद पचमढ़ी में जमा कर सकता है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में छावनी परिषद कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद पचमढी

### कार्यालय नगर पालिका परिषद् खुरई, जिला-सागर (म.प्र.)

क्र./न.पा./विद्युत शाखा/निविदा/2026/01 खुरई, दिनांक 01/04/2026

:: निविदा अमांत्रण सूचना ::

एतद् द्वारा समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवसाईट www.gem.gov.in पर देख जा सकता है।

| क्र. | बिड क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | समयावधि | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B/ 7387833 Date 31.03.2026 | निकाय क्षेत्रांतर्गत नगर के वार्डों में एल.ई.डी. लाईट प्रदाय कार्य । | 49.98 जी.एस.टी. सहित | 50,000/- | 02 माह | 30.04.2026 |
| 2 | GEM/2026/B/ 7404546 Date 31.03.2026 | निकाय क्षेत्रांतर्गत Pyrethrum प्रदाय कार्य । | 9.99 जी.एस.टी. सहित | 10,000/- | 02 माह | 16.04.2026 |
| 3 | GEM/2026/B/ 7404613 Date 31.03.2026 | निकाय क्षेत्रांतर्गत शौचालय की सफाई व्यवस्था हेतु Toilet Cleaner Liquid प्रदाय कार्य । | 9.99 जी.एस.टी. सहित | 10,000/- | 02 माह | 16.04.2026 |

1. ऑनलाईन निविदा / बिड क्र. 01 जमा करने की अंतिम दिनांक 30.04.2026 17:00 है।
2. ऑनलाईन निविदा / बिड क्र. 01 दिनांक 30.04.2026 17:30 पर खोली जायेगी।
3. ऑनलाईन निविदा / बिड क्र. 02 एवं 03 जमा करने की अंतिम दिनांक 16.04.2026 17:00 है।
4. ऑनलाईन निविदा / बिड क्र. 02 एवं 03 दिनांक 16.04.2026 17:30 पर खोली जायेगी।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् खुरई

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् खुरई

चिंतन

# जनगणना में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा

देश में 1 अप्रैल 2026 से बहुप्रतीक्षित जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से जुटाए गए आंकड़े ही आने वाले वर्षों में सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास के खाके को निर्धारित करते हैं। ऐसे में यह केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है कि वह इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इस बार की जनगणना कई मायनों में विशेष है। पहली बार इसे पूरी तरह डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। अब तक जहां आंकड़े कागज पर दर्ज होते थे और बाद में उन्हें डिजिटाइज किया जाता था। वहीं इस बार कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए सीधे डेटा एकत्र करेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। इसके साथ ही नागरिकों को 'स्वयं-गणना' की सुविधा भी दी गई है, जिससे वे खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जनगणना की यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें 'हाउस लिस्टिंग' यानी मकानों की गिनती और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का प्रारंभिक आकलन संभव होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें वास्तविक जनसंख्या गणना की जाएगी। इस जनगणना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि लगभग 90 वर्षों बाद जाति-आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। इससे पहले 1931 में इस प्रकार का डेटा जुटाया गया था। आज के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार होगा। हालांकि, इस विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, फिर भी यह स्पष्ट है कि सटीक आंकड़े ही सटीक नीतियों का आधार बनते हैं। करीब 34 लाख कर्मचारियों की विशाल टीम इस कार्य में जुटी है, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेगी। ऐसे में आम नागरिकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आएं, तो उनके साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करें और सही व पूरी जानकारी दें। गलत या अधूरी जानकारी न केवल आंकड़ों को प्रभावित करती है, बल्कि भविष्य की योजनाओं को भी कमजोर कर सकती है। इस बार जनगणना में कुछ नए पहलू भी शामिल हैं, जैसे लिव-इन संबंधों को मान्यता देना (यदि संबंध स्थिर हैं) और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े पहलुओं को भी दर्ज करना। यह बदलते समाज की झलक को दर्शाता है और यह बताता है कि सरकार वर्तमान वास्तविकताओं को समझकर नीति निर्माण करना चाहती है। कुल मिलाकर जनगणना केवल सरकार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की भागीदारी से सफल होने वाला राष्ट्रीय अभियान है। यह वह अवसर है, जब हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को आधिकारिक रूप से दर्ज कराता है और देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करता है। देश के विकास की मजबूत नींव सटीक आंकड़ों पर ही टिकी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें, जागरूक बनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जनगणना में आपकी भागीदारी न केवल आपकी पहचान को दर्ज करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की राह भी प्रशस्त करती है।



सफलता
प्रमोद भार्गव

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

# संकल्प के साथ नक्सलवाद का अंत

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सशक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है, इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है।' शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया है और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी, न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।' 'शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक



बेखौफ फलता-फूलता रहा। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाए। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया। इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों का पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं, इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही हैं। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं, लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो इन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हनुमान जयंती पर विशेष
विश्वास कैलाश सारंग




# सच्ची भक्ति, अटूट साहस व सेवा से असंभव बनता संभव

सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना इस पावन दोहे की मधुर लय में जब मन डूबता है तब ऐसा प्रतीत होता है मानो जीवन के सारे भय, सारे संशय स्वयं ही दूर हो रहे हों और भीतर एक अद्भुत आत्मविश्वास जागृत हो रहा हो। यही वह भाव है जो हमें हनुमान जी की शरण में ले जाता है। जहां सुरक्षा है, शांति है और जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य प्रकाश है। हनुमान जयंती का यह पावन पर्व केवल एक उत्सव नहीं बल्कि जीवन को समझने, उसे संवारने और उसे ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर है। यह वह दिन है जब हम उस महान व्यक्तित्व को स्मरण करते हैं, जिन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सच्ची भक्ति, अटूट साहस और निःस्वार्थ सेवा से कोई भी व्यक्ति असंभव को संभव बना सकता है। हनुमान जी केवल बल के प्रतीक नहीं हैं, वे बुद्धि के भी प्रतीक हैं। वे केवल वीरता के प्रतीक नहीं हैं, वे विनम्रता के भी आदर्श हैं और वे केवल भक्त नहीं हैं, वे कर्तव्य और समर्पण की सजीव मूर्ति हैं। हनुमान जी अतुलित बल के स्वामी थे किंतु उनकी पहचान रामभक्त के रुप में है। आज के दौर में जब हर कोई मालिक बनना चाहता है तो हनुमान जी सिखाते हैं कि समाज की निस्वार्थ सेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है।

यही सेवा कार्य की प्रेरणा जो हमें उनसे मिलती है, वही हमें मानवता के शिखर पर ले जाएगी। हनुमान जी अनुशासन और प्रबंधन के आदर्श प्रतीक हैं, जो अपनी बुद्धि, समर्पण और संकट प्रबंधन कौशल के लिए जाने जाते हैं। लंका दहन में समय प्रबंधन, सुरसा के सामने बौद्धिक स्थिरता और राम-रावण युद्ध में टीम वर्क व लक्ष्य-केंद्रित होकर उन्होंने नेतृत्व व आत्म-नियंत्रण का बेजोड़ उदाहरण पेश किया है। लंका जाते समय मैनाक पर्वत के निमंत्रण को ठुकराकर उन्होंने सिखाया कि जब तक लक्ष्य न मिल जाए तब तक विश्राम नहीं करना चाहिए। जब लंका में हनुमान जी चारों ओर से घिरे थे, तब भी उनका विवेक स्थिर था। आज हम छोटी-सी समस्या में टूटने और बिखरने लगते हैं। हनुमान जी सिखाते हैं कि समस्या चाहे कितनी भी विकराल हो, यदि मन शांत है और हृदय में परमात्मा का नाम हो तो हर लंका को जीतना संभव है। जब लक्ष्मण जी मूर्छित हुए, तो हनुमान जी पूरा पहाड़ उठा लाए। यह आज के प्रबंधन के लिए सीख है कि यदि साधन सीमित हों और समय कम, तो अपनी क्षमता का विस्तार कैसे किया जाए। वे कभी भी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं करते थे बल्कि हर कार्य को समय, परिस्थिति और मर्यादा के अनुसार करते थे। सदैव अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के आदेश को सर्वोपरि माना। उन्होंने कभी अपने मन से कार्य नहीं किया बल्कि हर कदम पर अनुशासन के साथ उनके आदेश और कर्तव्य का पालन किया। इससे यही सीख मिलती है कि जीवन में गुरु, माता-पिता और कर्तव्य के प्रति अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। वे सिखाते हैं कि कठिनाइयां चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों, साहस और धैर्य से उनका सामना किया जा सकता है। भोपाल के छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में प्रतिदिन जब मैं दर्शन के लिए जाता हूं और वहां मैं अपना शीश झुकाता हूं तो सारी चिंताओं का बोझ हल्का हो जाता है। ऐसा लगता है मानो एक अदृश्य शक्ति मुझे संबल दे रही है, मेरे भीतर ऊर्जा भर रही है और मेरे हर संकल्प को मजबूती दे रही है। मैं अपने हर कार्य की शुरुआत हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद लेकर करता हूं तो वह कार्य केवल प्रयास नहीं रहता बल्कि प्रसाद बन जाता है। उनकी कृपा से ही हर कार्य की पूर्ण सिद्धि होती है। जीवन के हर मोड़ पर, हर कठिन परिस्थिति में ऐसा अनुभव होता है कि वे साथ खड़े हैं- रक्षा करते हुए, मार्ग दिखाते हुए और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए। जब हम सब सुख लहै तुम्हारी सरना का भाव अपने जीवन में उतारते हैं तब हमें यह समझ आता है कि सच्चा सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं बल्कि आस्था, विश्वास और समर्पण में है। जब हम यह मान लेते हैं कि तुम रक्षक काहू को डरना तब जीवन के हर भय का अंत हो जाता है और वही क्षण हमारे आत्मबल के जागरण का होता है। उनकी कृपा ही है जो कायर को वीर और निर्बल को बलवान बना देती है। हनुमान जयंती हमें केवल पूजा-अर्चना का संदेश नहीं देती बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। वह सिखाती है कि हमें अपने भीतर की शक्ति को पहचानना है, अपने कर्म को निष्ठा से करना है, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना है और अपने जीवन को सेवा और सकारात्मकता से भरना है। आइए, इस पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम हनुमान जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारेंगे उनकी तरह निडर बनेंगे, उनकी तरह विनम्र बनेंगे और उनकी तरह सेवा को अपना धर्म बनाएंगे।

(लेखक मंत्री, म.प्र. शासन हैं)


# यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

# मूर्ख साधु और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

सटाका




आज की पाती

## डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- अशोक कुमार, पहरावर, रोहतक*

करंट अफेयर

## ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू

ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।



ऑफ बीट

## जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा

जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।



ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा खामियाज़ा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ेंगे।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



## पालकों से कहा, छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा परिणाम को बढ़ाने में सहयोग हो

# शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य स्कूलों में धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव, मुख्यमंत्री के संदेश को छात्रों तक पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रवेश उत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने अपनी गरिमामय उपस्थित देते हुए छात्रों एवं पालकों को संदेश दिया कि पालक छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा परिणाम को बढ़ाने में सहयोग हो।

भूपेंद्र नागर ने कहा कि छात्रों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों व नैतिक मूल्यों पर भी बराबर ध्यान दिया जाए। उन्होंने विधायक सुरेंद्र पटवा का संदेश भी छात्र-छात्राओं तक पहुंचा कर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा कार्यक्रम में दिए गए संदेश को छात्रों तक सीधा प्रसारण के माध्यम से पहुंचाया। कार्यक्रम में मंच संचालन पूजा वर्मा एवं शिल्पा मिश्रा ने किया। संध्या श्रीवास्तव एवं वंदना पुरोहित द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्राचार्य चंद्रावती अतुलकर ने सभी का अभिनंदन किया।


शासकीय सांदीपनि स्कूल के बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया।

## चाणक्य स्कूल में नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत, 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी सम्मानित

नगर के चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को बड़े उत्साह और उमंग के साथ प्रवेश उत्सव का धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इनमें रागिनी जैन, दिव्यांशी चक्रधर, अनंत गौर, राधिका ठाकुर, अंश शीतल कुमरे, वंदना, अनन्या गुप्ता, एंजेल यादव, नैंसी साहू, आशीष ओड, पैठारी अंतरा विश्वकर्मा, नबीहा खान, रहनुमा खान, वंशिका दिव्यांशी, परिहार रुद्र पंचोली, कीर्ति यादव, निहारिका लोधी, कृष्णा साहू, प्रांजल पाल आदि छात्रों ने गौरव बढ़ाया। बच्चों को फूल-मालाएं पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा मिठाई वितरित की। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सीएस सिंह एवं प्राचार्या भूपेंद्र कौर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकों का किया वितरण

*नगर के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय हिरानियां में शैक्षणिक सत्र 2026-27 अंतर्गत प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। पार्षद सरोज रामेश्वर नागर के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों को नवीन सत्र के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। विशेष अतिथि रामेश्वरम नागर द्वारा भी पाठ्यपुस्तक विद्यार्थियों को प्रदान की गई। इसके बाद मध्याह्न भोजन अंतर्गत विशेष भोज का वितरण किया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक जेपी मिश्रा, विद्यालय प्रभारी मनीषा मालवीय सहित शिक्षक राकेश दुबे, परवीन अहमद, ममता भार्गव, प्रेमशंकर शर्मा, संध्या श्रीवास्तव, सुशीला नागर सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।*



## खबर संक्षेप



### सामूहिक विवाह सम्मेलन के पंजीयन कार्यालय का किया शुभारंभ

**औबेदुल्लागंज।** आगामी 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के पर आयोजित होने वाले 39वां श्री नागर धाकड़ समाज के आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए वर-वधू पंजीयन कार्यालय का शुभांरभ बुधवार को किया गया। श्री नागर धाकड़ समाज के मांगलिक भवन में विधि-विधान एवं पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम में उत्साह एवं सामाजिक एकता का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। पूजन कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थितजनों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया, जिसमें आपसी सद्भाव एवं सहयोग की भावना और अधिक प्रगाढ़ हुई। कार्यक्रम के अंत में समिति के अध्यक्ष संजीव नागर तामोट द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित समाजबंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी से सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया गया।

### नागर और पार्षद परमार को लेकर हो रही चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी में काना फूसी और चर्चाएं गर्म है कि मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर और पार्षद दीपू परमार दोनों की दोस्ती कई सालों से पक्की रही है। दोनों नेता एक दूसरे के साथ मिलकर काम कई करते आ रहे हैं। कुछ दिनों से परमार और नागर एक साथ नहीं दिखने से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। जब मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर से पूछा तो वे कहते हैं मेरा खास दोस्त है, दीपू परमार। दीपू परमार कहते हैं मैं धंधे से लग गया हूं।

### हिंउस के कार्यकारी अध्यक्ष जैसवाल को मातृ शोक

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जैसवाल की माता राजवंशी देवी जैसवाल का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 75 साल की थी। उनके निधन पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, पार्षद दीपू परमार, पुरुषोत्तम शर्मा, हिंदू उत्सव समिति के सुजीत यादव, बल्लू अरोरा, मनोज चौरसिया, बृजेश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन नंदू पंडित सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार नर्मदा घाट पर किया गया।



**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2705 | | |
| दिन: | 678 | 19 | 126 |
| रात: | 550 | 08 | 134 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 569 | 09 | 126 |
| रात: | 680 | 41 | 560 |

## आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार व वाहन बरामद

# युवक को बंधक बनाकर पीटा और किया अप्राकृतिक कृत्य, इनामी बदमाश अरेस्ट

*पुलिस ने आरोपियों रूपेश बिछेले उर्फ फुफ्फू, राहुल दवाड़े, रोहित बिछेले उर्फ शाका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया*

- **कोहेफिजा और खजूरी सड़क पुलिस को थी तलाश, गैंग बनाकर कर रहा था अपराध**
- **शातिर बदमाश पर पूर्व में दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने युवक का अपहरण कर बंधक बनाने और उससे मारपीट करते हुए अप्राकृतिक करने वाले फरार आरोपी को तीन महीने बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घटना के बाद से फरार था और उस पर 15 हजार का इनाम भी घोषित था। आरोपी शाजहांनाबाद मल्टी का शातिर बदमाश है। उस पर पूर्व में दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं। आरोपी मल्टी में अपराधियों की संगठित गैंग चलाता है। पुलिस के अनुसार भैंसाखेड़ी में रहने वाले फरियादी ने 7 जनवरी को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी राहुल इंटर ने 31 दिसंबर 2025 को अपने साथियों फुफ्फू, शाका, राहुल दवाड़े, रफ्फू और भोपाली के साथ मिलकर नवेद बिरयानी की दुकान के सामने कोहेफिजा से एक युवक को बंधक बनाकर अपहरण कर लिया। आरोपी उसे शाहजहांनाबाद मल्टी ले गए और कमरे में बंधक बनाकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। उसके साथ आप्राकृतिक कृत्य भी किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश की। उक्त प्रकरण में फरारी के दौरान ही आरोपी राहुल इंटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर खजूरी सड़क इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला किया था। खजूरी सड़क थाने में उसके खिलाफ हत्या का प्रयास की धाराओं में प्रकरण दर्ज है। आरोपी राहुल इंटर की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। जांच में पुलिस ने आरोपियों रूपेश बिछेले उर्फ फुफ्फू, राहुल दवाड़े, रोहित बिछेले उर्फ शाका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी राहुल इंटर तभी से फरार था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक अप्रैल को राहुल इंटर उर्फ राहुल लोहट (30) निवासी मल्टी वाजपेयी नगर ईदगाह हिल्स को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार व वाहन भी बरामद किया है। आरोपी राहुल के खिलाफ शाहजहांनाबाद, कोहेफिजा, बैरागढ़, खजूरी सड़क व शहर के अन्य थानों में दो दर्जन से अधिक अपराध दर्ज हैं।


राहुल इंटर, आरोपी

### काम से लौटे नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

*गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित नई बस्ती में कचरा कलेक्शन गाड़ी में काम करने वाले 16 साल के नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मंगलवार दोपहर प्रतिदिन की तरी तीन बजे घर पहुंचा था। इसके बाद अपने कमरे में चला गया। रात तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन ने किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला था। इस दौरान वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अमन वर्मा पिता दिनेश वर्मा (16) नई बस्ती गांधी नगर में रहता था। वह तीन भाइयों में मझला था और कचरा कलेक्शन की गाड़ी में काम करने जाता था। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वह काम से लौटा और अपने कमरे में चला गया। रात तक वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन ने किसी तरह दरवाजा खोला था। इस दौरान रोशनदान पर दुपट्टे के सहारे अमन का शव लटका मिला। उम्मीद होने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन पता चला कि उसकी काफी देर पहले ही मौत हो चुकी है।*

## शिक्षा के बिना मनुष्य का कोई मूल्य नहीं : सिद्ध भाऊ

# वेलकम रोज स्कूल में हुआ नवीन सत्र का शुभारंभ, हुई विशेष प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी, सचिव घनश्याम बूलचंदानी एवं मनोहर वासवानी उपस्थिति थे।

सभा का प्रारंभ करते हुए सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य का कोई मूल्य नहीं है, शिक्षित एवं संस्कारित व्यक्ति को ही समाज में सम्मान प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुव्यवस्थित दिनचर्या के लिए समय-सारणी बनाकर नियमित रूप से पालन करने व समयनिष्ठ बनने की प्रेरणा दी। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, पौष्टिक व संतुलित आहार लेने तथा बाजार की तली व मसालेदार खाद्य सामग्री और जंक फूड से दूर रहने का आग्रह किया। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कक्षा प्रथम के नवागत विद्यार्थियों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन लता दुधानी द्वारा किया गया। वहीं दीपमाला पगारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में नए सत्र 2026-27 का प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया गया। सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि आज सत्र का पहला दिन है, मैं सबसे पहले उन विद्यार्थियों को बधाई देना चाहता हुं, जो आज समय से और पूरी यूनीफार्म में स्कूल आएं हैं। इसी तरह हमें रोज समय पर स्कूल आना चाहिए और पूरी यूनीफार्म में आना चाहिए, क्योंकि कहते है, अगर किसी कार्य की शुरुआत सकारात्मक और सशक्त होती है, तो यह समझ लेना चाहिए कि उसकी सफलता का आधा मार्ग पहले ही तय हो चुका है।


सत्र के पहले दिन बच्चों का स्वागत करती शिक्षिका।

## नर्सरी में नीम के पेड़ पर मजदूर ने लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित खामरा मंदिर के पास नर्सरी में नीम के पेड़ पर मजदूर की लाश लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। रायसेन का रहने वाला मजदूर यहां ठेकेदार द्वारा बनाए गए टीनशेड में रह रहा था और उसके पास मजदूरी करता था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राकेश अहिरवार पिता राम प्रसाद अहिरवार (21) मूलतः रायसेन का था और अवधपुरी इलाके में ठेकेदार द्वारा बनाए गए टीनशेड में रहता था। वह ठेकेदार के पास मजदूरी करता था। उसके जीजा पूरण सिंह राठौर ने बताया कि राकेश बिना बताए कहीं चला गया था। बुधवार सुबह उसकी तलाश कर रहे थे। इस दौरान खामरा मंदिर के पास नर्सरी में लगे नीम के पेड़ पर उसकी लाश दुपट्टे के सहारे लटकी देखी।

## एक साल से खुदी पड़ी है सड़क, लोग परेशान

# सड़क मरम्मत के लिए सीएमओ किरण रहंगडाले को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वार्ड 13 के स्टेशन रोड स्थित दुकानदारों ने बुधवार को उखड़ी पड़ी सड़क से परेशान होकर नगर परिषद सीएमओ किरण रहंगडाले को ज्ञापन सौंपा है।

इसके कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही सड़क से उड़ती धूम से लोग बीमार भी हो रहे हैं। वरिष्ठ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राकेश तिवारी, तरुण जैन, शैलेंद्र साहू, रामकिशोर नंदवंशी, नारायण सेन, टोनी जैन, सुदामा तिवारी, दीपेश नागर, रमेश शेट्टी, मनोज खत्री, बाबू यादव आदि लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि 1 साल से ज्यादा समय से पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोदी गई थी पाइपलाइन डल गई, मगर सड़क का मरम्मत कार्य नहीं किया गया। इसे शीघ्र मरम्मत किया जाए। सीएमओ ने कहा कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया चल रही है।

## ई-रिक्शा से कोचिंग जा रही युवती का मोबाइल झपटा

**भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर कांप्लेक्स के पास ई-रिक्शा सवार युवती से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल झपट लिया। घटना के समय युवती ई-रिक्शा से कोचिंग जा रही थी। मानसरोवर कांप्लेक्स के पास बाइक सवार बदमाश ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार सौम्या राजपूत (22) गुलमोहर कालोनी, शाहपुरा में रहती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। गत 25 मार्च की दोपहर वह सहेली के साथ नूतन कॉलेज गई थी। सात नंबर स्टाप से वह ई रिक्शा में सवार हुई। उसे एमपी नगर कोचिंग सेंटर जाना था। दोपहर करीब तीन बजे वह मानसरोवर कांप्लेक्स के पास पहुंची ही थी कि पीछे से बाइक पर आए बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया। लूटे गए मोबाइल की कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है।

## भगवान श्रीराम का चित्र और एक तलवार भेंट की

# औबेदुल्लागंज में तोगड़िया का हुआ जमकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का बुधवार को नगरागमन पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया गया। समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि हमारे बजुर्गों ने बड़ा संघर्ष किया, जिसका परिणाम अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर निर्माण हो सका है। भगवान राम के मंदिर के निर्माण के लिए हमने संकल्प लिया था, क्योंकि भारत में बाबर का कुछ नहीं है।

बजरंग दल जिला कार्यकारणी अध्यक्ष वचन लोधी ने भगवान श्रीराम के चित्र एवं एक तलवार तोगड़िया को भेंट की। इस अवसर पर संगठन के अनेक कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे, जो जय श्रीराम राम के जयकारों के साथ तोगड़िया का स्वागत कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान गोलू मालवीय, अजय पाल, लक्ष्मण विश्वकर्मा, पिंटू सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया, अनूप सिंह चौधरी, कमलेश आरती यादव, नरवरिया पूजा लोधी, अखिलेश राजपूत, राजीव यादव, माखन सेन, विनोद प्रजापति, कैलाश मालवी, अरुण भावसार, बृजमोहन जाटव, कमलेश जोशी आदि लोग मौजूद थे। वचन लोधि ने हिन्दू धर्म को जागने के अपने शब्दों में बटोगे तो कटोगे और जात-पात की करो विदाई हम सब हिंदू भाई-भाई का नारा लगाया। इसके साथ ही सभी हिन्दुओं को एक जुट रहने की अपील की।


बजरंग दल जिला कार्यकारणी अध्यक्ष वचन लोधी तोगड़िया को तलवार देकर स्वागत करते हुए।

## शहर में राहगीरों के लिए 12 स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ खोले



**संतनगर।** जीव सेवा संस्थान द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों एवं राहगीरों की सुविधा के लिए भोपाल शहर के 12 प्रमुख स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ सेवा प्रारंभ की गई है। इस वर्ष संत हिरदाराम जी साहिब की कुटिया, एम.पी.ई.बी. कार्यालय, दशहरा मैदान गेट, नई सब्जी मंडी, सीहोर नाका, संत हिरदाराम नगर थाना के सामने,हलालपुरा बस स्टैंड के सामने, लालघाटी चौराहा, संत आशाराम चौराहा, गांधीनगर थाना के सामने, गांधीनगर नगर निगम व सब्जी मंडी, गांधीनगर में प्याऊ स्थापित किए गए हैं।

## एजेंसियों पर सिलेंडर लेने लगी लंबी-लंबी कतार

# इंडेन सिलेंडर कंपनी का सर्वर डाउन, बुकिंग, डिलीवरी अटकी

- **शाम पांच बजे के बाद शुरू हुआ सर्वर, जनरेट नहीं हुए बिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। पैनिक बुकिंग की वजह से पहले से ही करीब 30 हजार सिलेंडरों की डिलीवरी पेंडिंग चल रही है।

इधर, बुधवार को सुबह आठ बजे से इंडियन ऑयल कंपनी के सर्वर में एरर आने से बुकिंग सिस्टम फेल हो गया। बिल जनरेट नहीं होने की वजह से उपभोक्ताओं को सिलेंडर भी नहीं मिल पाए। इधर, सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर लाइन में लगे लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। रायसेन रोड स्थित अप्सरा सिनेमा के पास चंद्रकांता गैस एजेंसी के बाहर करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। लोगों ने सड़क पर सिलेंडर पटकर सिलेंडर देने की मांग शुरू कर दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उपभोक्ताओं को शांत कराया।


रेलवे कॉलोनी स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने लगी उपभोक्ताओं की कतार।

### जिंसी और करोंद में भी हंगामा

*जिंसी स्थित प्रदीप गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिलने के बाद भीड़ जमा हो गई। हंगामा होता देख एजेंसी संचालक ने शटर बंद कर दिए। पुलिस बुलाकर गैस एजेंसी खोली गई। मालूम हो कि एक दिन में इंडेन गैस सिलेंडर की 12 से 15 हजार सिलेंडर की डिलीवरी होती है।*

## नजीराबाद थाना प्रभारी अरुण शर्मा और आरक्षक मनोज धाकड़ पर कार्रवाई

# गांजा तस्करों को बिना कार्रवाई किए छोड़ा, थाना प्रभारी और आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद थाना प्रभारी अरुण शर्मा और आरक्षक मनोज धाकड़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उक्त आदेश एसपी रामशरण यादव द्वारा जारी किए गए। जारी आदेश में नजीराबाद थाना प्रभारी अरुण शर्मा और आरक्षक को गांजा तस्करों को पकड़ने और बिना कार्रवाई कर छोड़ने का उल्लेख है। हालांकि सूत्र बताते हैं कि थाना प्रभारी अरुण शर्मा और आरक्षक मनोज धाकड़ के बीच गांजा तस्करों को छोड़ने और लेनदेन की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आया। थाने से दो चोरों का अभिरक्षा से फरार होना और गांजा तस्करों को बिना कार्रवाई के छोड़ देना दोनों ही गंभीर प्रकरण एक साथ होने के कारण यह कार्रवाई एसपी को करनी पड़ी।

सूत्रों के अनुसार नजीराबाद थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। दोनों चोर रात में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गए। इसी बीच थाना प्रभारी अरुण शर्मा के हाथ दो गांजा तस्कर लग गए। गांजा तस्करों को थाने के पीछे रहने वाले आरक्षक मनोज धाकड़ के कमरे में रखा गया। वहां गांजा तस्करों से डील की गई। इस डील में गांजा तस्करों की ओर से एक वकील भी पहुंचा था। गांजा तस्करों से तोड़ करने के बाद छोड़ दिया गया। तोड़ में मिली राशि को लेकर अरुण शर्मा और आरक्षक के बीच विवाद हो गया। थाने में पहले ही से चोरों के अभिरक्षा से भागने का मामला तूल पकड़ चुका था। इसी बीच गांजा तस्करों को लेनदेन करने के बाद छोड़ने की बात तेजी से फैल गई। यह भी बताया जा रहा है कि गांजा तस्करों से लेनदेन होने के बाद आरक्षक मनोज और अरुण शर्मा के बीच विवाद हुआ था। विवाद एसपी कार्यालय तक पहुंच गया।

# कांग्रेस ने राज्य की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया, अवैध घुसपैठियों को बढ़ाया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज भी किया

**प्रधानमंत्री ने असम के बिस्वनाथ जिले में जनसभा को संबोधित किया, डिब्रूगढ़ में कांग्रेस पर बोला हमला**

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़ / बिस्वनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के बिस्वनाथ जिला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक सत्ता के लिए असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया। प्रधानमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरी बार 'डबल इंजन सरकार' बनेगी। उन्होंने कहा कि यह भरोसा पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज किया।

उन्होंने कहा कि इससे असम की लाखों बीघा जमीन प्रभावित हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जननी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के जंगलों, अभयारण्यों और वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाया। एक चाय बागान में मुझे चाय बागान परिवारों की संस्कृति की झलक देखने को मिली। असम की प्रगति में उनका योगदान बेमिसाल है।

- पीएम मोदी ने किया 'तीसरी बार सरकार' बनाने का दावा
- कांग्रेस को बताया देश और राज्य में विकास विरोधी
- घुसपैठ और अवैध कब्जे का मुद्दा भी उठाया


जनसभा से पहले प्रधानमंत्री मोदी

**धेमाजी में रैली में बोले पीएम**

## कांग्रेस के राजकुमार हार का शतक लगाएंगे

प्रधानमंत्री ने धेमाजी जिले के गोगामुख में सुबह 11 बजे अपनी पहली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने भाजपा उम्मीदवार रनोज पेगू और नबा कुमार डोले के पक्ष में जनता से वोट मांगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जनता के आशीर्वाद से उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की हैट्रिक पूरी की है। अब असम में भी भाजपा-एनडीए की जीत की हैट्रिक लगेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी तीसरी हार तय है। कांग्रेस के 'राजकुमार' हार का शतक लगाएंगे।



## मैं जब छोटा था तो चाय बेचता था

### डिब्रूगढ़ स्थित एक चाय बागान पहुंचे, महिलाओं में खुशी, सेल्फी ली

चुनाव के बीच प्रधानमंत्री डिब्रूगढ़ स्थित एक चाय बागान पहुंचे। यहां उन्होंने काम कर रही महिलाओं के साथ बिताया और उनसे कहा कि आपकी मेहनत मेरे गांव तक पहुंची है। क्या आपको मालूम है कि मैं भी चाय वाला हूं और बचपन में मैं भी चाय बेचता था। पीएम मोदी ने जाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी को अपने बीच पाकर बागान में कार्यरत महिलाएं काफी खुश दिखाई दीं। कुछ महिलाओं ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली। पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप लोग तो अब अच्छे फोटोग्राफर भी हैं। इस अंदाज पर महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर किया। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा कि डिब्रूगढ़ के चाय बागान में महिलाओं ने एक गीत गाया, जो 'जगत जननी मां' को नमन करता है।

**केरल में रक्षामंत्री सिंह बोले**

## एलडीएफ ने भगवान अयप्पा के साथ विश्वासघात किया



**परवूर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि भगवान का अपना घर कहे जाने वाले केरल में 'भगवान सुरक्षित नहीं हैं' क्योंकि सत्तारूढ़ एलडीएफ ने सोने के कुछ टुकड़ों के लिए भगवान अय्यप्पा के साथ विश्वासघात किया। वे सबरीमाला सोने की चोरी के मामलों का संदर्भ दे रहे थे। परवूर में जनसभा में सिंह ने कहा एलडीएफ ने भगवान अय्यप्पा को धोखा दिया। जनता को धोखा दिया।

**नाजिरा में कांग्रेस की रैली**

## प्रियंका ने भाजपा को 'डबल गुलामी' की सरकार बताया



**नाजिरा।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने केंद्र के साथ-साथ असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 'एक परिवार' सब कुछ लूट रहा है। नाजिरा में आयोजित इस चुनावी रैली में उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी तीखा हमला किया। प्रियंका ने कहा कि जब वे नहीं लूटते, तो खदानें, जमीनें और अन्य संपत्तियां बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे पुराने घोटालों का जिक्र भी किया। प्रियंका ने भाजपा के 'डबल इंजन' सरकार पर कटाक्ष करते हुए 'डबल गुलामी' की सरकार करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अमेरिका के गुलाम हैं और हिमंत बिस्वा सरमा पीएम मोदी के गुलाम हैं।

**ममता को सताया नए अधिकारियों का डर, बोलीं**

## नामांकन भरते समय सतर्क रहें प्रत्याशी



**कोलकाता।** टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त नए अधिकारियों को उनकी पार्टी के उम्मीदवारों के नामांकन खारिज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने टीएमसी प्रत्याशियों से नामांकन दाखिल करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की। बीरभूम जिले के नानूर में एक चुनावी रैली के दौरान यह बात कही।

**ओवैसी-हुमायूं कबीर एक मंच पर दिखे और बोल पर मचा बवाल**

## महज वोटिंग मशीन बनकर रह गए मुस्लिम



**कोलकाता।** आईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने हुमायूं कबीर के नेतृत्व वाली पार्टी एजेयूपी के उम्मीदवारों के समर्थन में वोट मांगे। ओवैसी ने कहा कि बंगाल में कमजोर वर्गों और मुसलमानों का शोषण रोकने कबीर के साथ हाथ मिलाया है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने मुसलमानों का इस्तेमाल सिर्फ वोट के लिए किया, केवल वोटिंग मशीन बनाया।

**खबर संक्षेप**

### सीतारमण के खिलाफ भारती की शिकायत रद्द



**नई दिल्ली।** यहां की एक अदालत ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत खारिज कर दी है। यह शिकायत पूर्व आप विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा ने दर्ज कराई थी। अदालत ने आगे बढ़ने का कोई कारण नहीं पाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शिकायत खारिज की।

### निजी जगह पर नमाज पढ़ी तो होगी कार्रवाई



**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत सुरक्षा और निजी संपत्ति की आड़ में सार्वजनिक व्यवस्था और शांति को खतरे में नहीं डाला जा सकता। कोर्ट ने याचियों को निजी संपत्ति पर भीड़ जुटाकर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है।शांति व्यवस्था भंग होने पर प्रशासन कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

### गुजरात के 'आप' अध्यक्ष गढ़वी अरेस्टः केजरीवाल



**नई दिल्ली।** गुजरात के 'आप' प्रदेश अध्यक्ष ईशुदान गढ़वी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये दावा आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आप नेताओं ने किया है। केजरीवाल ने एक्स पर ट्वीट करते हुए गुजरात सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा- हमारे राज्य अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया।

### सीनियर एडवोकेट फुल्का भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** सीनियर एडवोकेट एचएस फुल्का बुधवार को भाजपा में शामिल हुए। वे 40 सालों से सिख दंगों के पीड़ितों के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। फुल्का केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और अन्य लोगों की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।मेरा लंबा साथ है।

**ममता की पार्टी को सुप्रीम कोर्ट से लगा करारा झटका, नसीहत दी**

# टीएमसी की वोटर लिस्ट वाली आपत्तियों को किया खारिज, चुनाव आयोग ही करेगा फैसला

**एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सुप्रीम कोर्ट में तृणमूल कांग्रेस की ओर से ऐतराज जताया गया था कि भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में फॉर्म 6 जमा करा रहे हैं। इसके जरिए मतदाताओं के नाम लिस्ट में जुड़वाए जा रहे हैं। इस दलील पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इसमें कुछ गलत नहीं है और ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। इस तरह ममता की पार्टी को करारा झटका लगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने राज्य में एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। चीफ जस्टिस ने कहा कि ऐसा हर बार होता है। पहली बार नहीं हो रहा है। आप आपत्तियां दायर कर सकते हैं। बेंच का कहना था कि यदि आपको किसी का नाम जोड़े जाने से आपत्ति है तो उस पर चुनाव आयोग में रिपोर्ट कर सकते हैं। टीएमसी का पक्ष रख रहे वकील कल्याण बेनर्जी ने एक मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि एक ही व्यक्ति ने 30 हजार फॉर्म 6 जमा किए हैं। फॉर्म 6 का प्रयोग वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने या फिर संसदीय क्षेत्र बदलने की स्थिति में किया जाता है।

**अब 7 को होगा फैसला**

सुनवाई में सीजेआई की बेंच ने यह टिप्पणी की



**फॉर्म 6 क्यों मंगाए जा रहे : टीएमसी का आरोप**

अधिवक्ता ने कहा कि पूरक सूचियां आ चुकी हैं। इसके बाद भी चुनाव आयोग के नए नोटिफिकेशन में फॉर्म 6 स्वीकार करने की बात कही गई है। लेकिन जब वोटर लिस्ट की पूरक सूची आ गई है और प्रक्रिया बढ़ चुकी है तो फिर फॉर्म 6 क्यों मंगाए जा रहे हैं? उनके बंडल तैयार होकर आ रहे हैं। मैं किसी राजनीतिक दल पर इसके लिए आरोप नहीं लगा रहा।

### वोट नहीं दे सके, तो वोटिंग का अधिकार खत्म नहीं होगा

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर किसी व्यक्ति को मतदाता सूची से बाहर कर दिया जाता है और वोट नहीं दे पाता है। सभी याद रखें इस चुनाव में वोट नहीं दे पाता है, तो इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं कि उसे हमेशा के लिए अधिकार से वंचित कर दिया गया है।

### अदालत ने कहा-आयोग की सूची पर ही चुनाव होंगे

बेनर्जी ने कहा कि नए नाम जिनके शामिल किए जा रहे हैं। उनके बारे में हर बूथ पर सार्वजनिक सूचना जारी होना चाहिए। ऐसा होने पर ही आपत्तियां दायर हो सकेंगी। इस पर जस्टिस बागची ने दखल दिया। उन्होंने कहा कि एक चीज मतदाता सूची में संशोधन है।

**सीआईएसएफ कांस्टेबल की बहाली**

### केंद्र सरकार की अपील खारिज लगा 25 हजार का जुर्माना

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालतों में लंबित मुकदमों की बढ़ती संख्या के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार खुद सरकार है। सरकार छोटे-छोटे मामलों को भी खींचकर सुप्रीम कोर्ट तक ले आती है। यह पूरा मामला केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक कांस्टेबल से जुड़ा है। दरअसल, बिना बताए 11 दिन ड्यूटी से गायब रहने और सहकर्मी की बेटी की शादी में मदद करने के आरोप में उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। जब यह मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट पहुंचा, तो अदालत ने पाया कि बर्खास्तगी की यह सजा बहुत ज्यादा है। हाई कोर्ट ने कांस्टेबल को बहाल करने और उसे 25 फीसदी पिछला वेतन देने का आदेश सुनाया।

**हाईकोर्ट ने दी शीर्ष कोर्ट को जानकारी**

## 60 में से 47 लाख आपत्तियों का किया निपटारा



बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि मंगलवार तक 60 लाख में से 47 लाख आपत्तियों का निपटारा किया जा चुका है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने अदालत को बताया गया कि हर दिन करीब 1.75 लाख से 2 लाख आपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है और 7 अप्रैल तक सभी आपत्तियों का निपटारा कर लिया जाएगा। वहीं, ममता बेनर्जी की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की दर काफी अधिक है और यह करीब 45 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनलों को अपना काम करने दिया जाए, ताकि वे मतदाता सूची में नाम शामिल करने या हटाने से जुड़े मामलों का निपटारा कर सकें। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार 100 प्रतिशत नाम शामिल करने या हटाने की मांग कर सकते हैं। सुनवाई 7 अप्रैल को हो सकती है।

**राज्यसभा में सीएपीएफ बिल पास**

# विपक्ष ने की नारेबाजी और सदन से वाकआउट किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बुधवार को संसद में सियासी घमासान देखने को मिला। राज्यसभा में 'केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026' को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। विपक्ष ने बिल को आनन-फानन में पास करने का आरोप लगाया है। विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट भी कर दिया। अभी अलग-अलग अर्धसैनिक बलों के लिए सेवा और प्रशासन के नियम भी अलग-अलग थे। यह बिल उन सभी को हटाकर एक सिंगल सिस्टम लागू करेगा। इसका पेंच आईपीएस अफसरों की तैनाती पर है। नए कानून के तहत सीएपीएफ में आईजी रैंक के 50 फीसदी पद और एडीजी रैंक के कम से कम 67 फीसदी पद आईपीएस अधिकारियों के लिए रिजर्व रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अर्धसैनिक बलों में आईपीएस अफसरों की संख्या धीरे-धीरे कम की जाए।

### यह संघीय ढांचे को मजबूत करेगाः राय

सदन में बहस का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने साफ कहा कि यह बिल देश के संघीय ढांचे को कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत करता है। इससे भर्ती प्रक्रिया बेहतर होगी और जवानों का मनोबल बढ़ेगा। विपक्ष ने मांग की कि इस बिल को संसद की प्रवर समिति के पास भेजा जाए। जब सरकार ने यह मांग नहीं मानी, तो नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में समूचा विपक्ष नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चला गया। इस पर भाजपा नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष का संसदीय मर्यादाओं और चर्चा में कोई भरोसा ही नहीं रह गया है।

**महंगाई को लेकर कांग्रेस हमलावर**

## जनता को लूट रहे, देश को संकट में झोंक रहे



कांग्रेस ने आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की रणनीतिक और आर्थिक नीतियों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को लूटने और देश को संकट में झोंकने में लगी हुई है। खरगे ने एक्स पर बताया कि केंद्र ने देश की रणनीतिक और आर्थिक नीतियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है, जिसका असर भारतीयों को भुगतना पड़ रहा है।

**अनिल अंबानी पर मामला दर्ज**

# एलआईसी को 3750 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीबीआई ने भारतीय जीवन बीमा निगम की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी, अधिकारियों व अन्य के खिलाफ एक और केस दर्ज किया है। पहले भी 3 मुकदमे दर्ज हैं। एलआईसी ने इनके खिलाफ 3,750 करोड़ का नुकसान का आरोप लगाया। धोखाधड़ी, गबन और भ्रष्टाचार के तहत एफआईआर दर्ज की है।

**ये लगे आरोप**

- आरकॉम और उसके मैनेजमेंट की ओर से कंपनी की वित्तीय स्थिति, सुरक्षा और संपत्ति कवर के बारे में झूठे दावे किए गए।
- एसआईसी को 4,500 करोड़ रके नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर खरीदने के लिए धोखाधड़ी से प्रेरित किया गया।
- 'बीडीओ इंडिया एलएलपी' की ओर से 15 अक्टूबर 2020 को की गई एक फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर दर्ज कराई गई है।

**कृषि और किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त सचिव ने कहा**

# देश में ईंधन व कृषि क्षेत्र की आपूर्ति शृंखला भी स्थिर

**संकट के बावजूद केंद्र सरकार की रणनीतिक योजनाएं जमीन पर काम कर रहीं**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा के इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल-पुथल के बीच भारतीय उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। मनिंदर कौर द्विवेदी ने स्थिति पर संतोष जताते हुए कहा कि हम खुद को एक आरामदायक स्थिति में पाते हैं। वैश्विक तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद भारत ने ईंधन और कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखा है। भारत सरकार की रणनीतिक योजनाएं जमीन पर काम कर रही हैं। उत्पाद शुल्क में कटौती और महत्वपूर्ण मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल से आम नागरिक को महंगाई के सीधे झटके से बचाया गया है। आगामी कृषि सीजन के लिए भी एक मजबूत और सुरक्षित आधार तैयार कर लिया गया है।


मनिंदर कौर द्विवेदी

### *कृषि क्षेत्र पर प्रभाव और खरीफ सीजन की तैयारियां*

कृषि और किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी ने प्रमुख कृषि संकेतकों पर स्थिति स्पष्ट की है। ईंधन के साथ-साथ कृषि क्षेत्र की आपूर्ति श्रृंखला भी स्थिर बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने आगामी खरीफ सीजन के लिए आवश्यक इनपुट सामग्री की व्यापक समीक्षा की है। सभी कृषि जिंसों की थोक कीमतों की लगातार निगरानी की जा रही है।

**सब्जियों के दाम** शीर्ष फसलों जैसे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें भी निर्धारित दायरे में हैं और थोक स्तर पर इनमें सुधार की प्रवृत्ति दिख रही है। बीज की उपलब्धताः राज्यों के साथ समन्वय के माध्यम से यह पुष्टि की गई है कि खरीफ सीजन के लिए बीजों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। बीज का पर्याप्त स्टॉक है।

### अंतर-मंत्रालयी समन्वय से बाधाएं दूर हो रहीं

इस व्यापक आपूर्ति प्रबंधन में मंत्रालयों के बीच का समन्वय अहम साबित हो रहा है। कृषि मंत्रालय के अनुसार पिछले महीने हाईब्रिड मक्का के बीजों को सुखाने के लिए एलपीजी की आवश्यकता एक छोटी बाधा के रूप में सामने आई थी। हालांकि, पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ त्वरित समन्वय कर एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध कराई गई।


# ईरान ने बहरीन पर 186 मिसाइलों और 419 ड्रोन्स से किया हमला



ईरान का बहरीन पर मिसाइलों से हमला

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ तेहरान

इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है। बहरीन की सेना ने बताया है कि उनके देश पर 186 मिसाइल और 419 ड्रोन हमले हुए हैं। ये हमले ईरान की तरफ से किए गए। इस बीच, बुधवार तड़के कतर के तट के पास एक तेल टैंकर पर भी हमला हुआ। ब्रिटेन की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि एक प्रोजेक्टाइल जहाज से टकराया। हालांकि, इस हमले में किसी तरह का पर्यावरणीय नुकसान नहीं हुआ और जहाज का चालक दल सुरक्षित है। ईरान ने दावा किया है कि उसके लोरेस्तान राज्य में अमेरिका के एक ड्रोन को निशाना बनाकर तबाह किया गया है। जिस ड्रोन को निशाना बनाया गया, वह लुकास ड्रोन था। ईरान में इंटरनेट बंद हुए 33 दिन बीत गए हैं। युद्ध के चलते ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट है।



ईरान ने बहरीन में बुधवार को अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। एक दिन पहले ईरान ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी।


ईरान के हमले से कुवैत एयरपोर्ट पर तेल टैंकर में लगी आग

## अमेरिका पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं: ईरान



ईरानी के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कथित तौर पर कहा कि ईरान को अमेरिका पर 'शून्य' भरोसा है। उन्होंने अमेरिका से किसी भी बातचीत के दावे को खारिज किया। ईरान में अमेरिका के संभावित जमीनी सैन्य अभियान की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए अराघची ने कहा कि तेहरान उनकी प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वे ऐसा करने की हिम्मत करेंगे। बहुत बड़ी ताकत उनका इंतजार कर रही होगी। हम अच्छी तरह जानते हैं कि खुद की रक्षा कैसे करनी है। एक जमीनी युद्ध में, हम इसे और भी बेहतर तरीके से कर सकते हैं। हम किसी भी प्रकार के जमीनी हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम उम्मीद करते हैं कि वे ऐसी गलती नहीं करेंगे।

## होर्मुज खुला रहेगा, पर यूएस के लिए नहीं



ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहेगा, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। अब 47 साल की मेहमाननवाजी खत्म हो चुकी है। अजीजी ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा, जो ईरान के बनाए नए नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ट्रंप ने 'रेजीम चेंज' का सपना पूरा कर लिया है, लेकिन यह जमीन पर नहीं बल्कि समुद्र के नियमों में हुआ है।

*इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 33वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है*

कतर तट के पास ईरान ने एक तेल टैंकर पर किया हमला

ईरान ने यूएस के लुकास ड्रोन को बनाया निशाना

***नेतन्याहू का दावा- इजराइल इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा***

**आईडीएफ प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल डेफरिन का दावा**

## एक माह में ईरान के 4000 ठिकानों पर बरसाए 16000 बम, 2000 सैनिक ढेर




इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफरिन ने एक्स पर एक वीडियो संदेश में दावा किया कि अमेरिका के साथ इस संयुक्त अभियान में अब तक 4,000 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया है। इन हमलों में ईरान के 10,000 से अधिक आतंकी घटकों को नष्ट कर दिया गया है। इजराइल का दावा है कि उसने ईरानी हवाई क्षेत्र में एक ईरानी विमान को मार गिराया है। सेना ने यह भी कहा कि इस दौरान लेबनान में घुसकर हिजबुल्ला के खिलाफ भी अभियान तेजी लाई गई है। प्रवक्ता के अनुसार, इजराइली वायुसेना ने ईरान में लगभग 800 उड़ानें भरीं और 16,000 से ज्यादा बम बरसाए। इस सैन्य कार्रवाई में ईरान के 2,000 से ज्यादा सैनिकों और कमांडरों के मारे जाने की बात कही गई है। वहीं, मास्टर आतंकवादी अली खामेनेई को खत्म करने का भी दावा किया गया है। इजराइल ने दावा किया कि उसकी वायुसेना महज 24 घंटे के भीतर तेहरान के केंद्र तक पहुंच गई। सेना के मुताबिक सिर्फ 40 सेकंड के भीतर ईरानी शासन के 40 बड़े अधिकारियों को खत्म कर दिया गया।

## ईरानी सत्ता जल्द ढह जाएगी: नेतन्याहू




इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इस अभियान को लेकर कहा कि इजराइल और अमेरिका मिलकर ईरान सरकार को व्यवस्थित तरीके से कुचल रहे हैं। जल्द ही ईरान का शासन खत्म हो जाएगा। इजराइल इस क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा है ताकि ईरानी खतरे का मिलकर मुकाबला किया जा सके। उन्होंने साफ कहा कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक उनके लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। उन्होंने कहा कि आतंक फैलाने वाले तंत्र को काफी कमजोर कर दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस अभियान से ईरान की सत्ता हिल गई है और अब वह पहले जैसी मजबूत नहीं रही। नेतन्याहू के मुताबिक हमने इस व्यवस्था को झकझोर दिया है और देर-सवेर यह गिर जाएगी। इजराइल के पीएम के इस बयान से साफ है कि क्षेत्र में तनाव अभी कम होने वाला नहीं है।

## इजराइल ने ईरान की फैक्ट्री पर किया हमला



इजराइल ने बुधवार तड़के दावा किया कि उसने ईरान में एक ऐसे प्लांट पर हमला किया है, जहां से फेंटानिल नामक शक्तिशाली सिंथेटिक ड्रग की आपूर्ति ईरान की सरकार को की जा रही थी। इजराइल का दावा है कि इस फेंटानिल ड्रग का इस्तेमाल रासायनिक हथियार बनाने में किया जा सकता था। ईरान सरकार ने भी तेहरान स्थित तोफिघ दारू फैक्ट्री पर हमले की पुष्टि की और इजराइल के दावे को खारिज कर दिया। ईरान ने जोर देकर कहा कि वहां केवल अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली दवाओं का उत्पादन होता है।

### ईरान के विदेश मंत्री ने लगाए आरोप

दोनों देशों के अनुसार यह हमला मंगलवार को हुआ। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फैक्ट्री की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि इजराइल के युद्ध अपराधी अब खुलेआम और बेशर्मी से दवा कंपनियों पर बमबारी कर रहे हैं। फेंटानिल का इस्तेमाल अस्पतालों में गंभीर दर्द के इलाज के लिए किया जाता है, हालांकि इसकी थोड़ी सी मात्रा भी घातक साबित हो सकती है।

## मारा गया हिजबुल्लाह का प्रमुख कमांडर इस्माइल

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को ऐलान किया कि इजराइली नौसेना ने बेरूत में हिजबुल्ला के कमांडर हज यूसुफ इस्माइल हाशेम को मार गिराया है। यह कार्रवाई मंगलवार को को की गई। हाशेम, हिजबुल्ला का दक्षिणी मोर्चे का कमांडर था। वह दक्षिण लेबनान में आतंकवादी संगठन की सैन्य गतिविधियों का प्रमुख था। सितंबर 2024 में हिजबुल्ला के पूर्व कमांडर अली कराकी और महासचिव हसन नसरल्लाह के मारे जाने के बाद हाशेम ने यह पद संभाला था। हाशेम के पास 40 साल से अधिक का अनुभव था और वह संगठन में केंद्रीय भूमिका निभाटा था।

## बेरुत के पास इजराइली हमला, 7 लोगों की मौत



लेबनान की राजधानी बेरुत के दक्षिण में इलाके में इजराइल के हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 26 घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक यह हमला रिहायशी इलाके में हुआ, जिससे आसपास के घरों और गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा।

**यूएन की रिपोर्ट में अहम खुलासा**

## युद्ध से मिडिल ईस्ट को 18 लाख करोड़ का नुकसान

United Nations

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट के अनुसार, इस युद्ध से पश्चिम एशिया की अर्थव्यवस्थाओं को उनकी सामूहिक जीडीपी का 3.7 से 6 प्रतिशत तक नुकसान हो सकता है। यह नुकसान अधिकतम 194 अरब डॉलर (18 लाख करोड़) तक हो सकता है। यह कुल आर्थिक नुकसान 2025 में पश्चिम एशिया क्षेत्र द्वारा हासिल की गई जीडीपी वृद्धि से भी अधिक हो सकता है। 'मिलिट्री एस्केलेशन इन द मिडिल ईस्ट: इकोनॉमिक एंड सोशल इम्प्लिकेशंस फॉर द अरब स्टेट्स रीजन' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बेरोजगारी दर में लगभग 4 प्रतिशत अंकों तक वृद्धि हो सकती है, जिससे करीब 36 लाख नौकरियां खत्म हो सकती हैं। यह संख्या 2025 में सृजित कुल नौकरियों से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते लगभग 40 लाख लोग गरीबी रेखा के नीचे जा सकते हैं। होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही 70% से ज्यादा घट गई है और तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका




**चंडीगढ़।** पंजाब में भाजपा कार्यालय के बाहर धमाका हुआ है। जिसके बाद भाजपा दफ्तर के बाहर अफरी-तफरी मच गई। यह धमाका चडीगढ़ के सेक्टर 37 स्थिति भाजपा कार्यालय के बाहर हुआ। यह ब्लास्ट बुधवार शाम पांच बजे हुआ। पता चला है कि दोपहिया वाहन से दो शख्स उतरे और बम फेंक दिया। एनआईए व एफएसएल टीम, चंडीगढ़ पुलिस की ऑपरेशन सेल जांच कर रही हैं।

### गांदरबल में मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सेना ने मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के जनरल अरहामा क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और भारतीय सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की।

### धीरज सेठ ने सेना उप प्रमुख का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दक्षिणी कमान का जिम्मा संभालने वाले लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सेना के उप प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। वह लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह का स्थान लेंगे। ले. जनरल सेठ ने भारतीय सेना में महत्वपूर्ण नेतृत्व पद ग्रहण करते हुए सलामी गारद का निरीक्षण किया।

**राष्ट्रपति मुर्मू ने शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जयंती समारोह में लिया हिस्सा, कहा**

## स्वामीजी संत समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप, उनकी 'विरासत' दिशा दे रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कर्नाटक के तुमकुरु स्थित श्री सिद्धगंगा मठ में डॉ. श्री श्री शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जन्मदिन समारोह और गुरुवंदन महोत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिवकुमार महास्वामीजी जैसे संत समाज और राष्ट्र की आत्मा के साक्षात स्वरूप हैं।

उन्होंने कहा कि 2019 में उनके देहावसान के बावजूद उनकी आध्यात्मिक विरासत आज भी समाज को दिशा दे रही है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वामीजी का जीवन निर्धनों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके कार्य यह दर्शाते हैं कि आध्यात्मिकता को जनकल्याण के माध्यम से साकार किया जा सकता है।

***स्वामीजी का संपूर्ण जीवन निर्धनों और वंचितों की सेवा के लिए समर्पित रहा***



शिवकुमार महास्वामीजी के 119वें जयंती समारोह में उदबोधन देतीं राष्ट्रपति मुर्मू

### मठ आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ा रहा

राष्ट्रपति ने कहा कि परिश्रम, लोकसेवा और राष्ट्रसेवा परस्पर जुड़े हुए हैं तथा आध्यात्मिकता इन दोनों के लिए एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान करती है। यह मठ सेवा और आध्यात्मिकता की एक दीर्घ परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

### मठ की ओर से बच्चों के लिए निशुल्क भोजन, आवास, शिक्षा सराहनीय

*राष्ट्रपति ने श्री सिद्धगंगा मठ की सराहना करते हुए कहा कि मठ के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और शिक्षा की व्यवस्था की जाती है, जो अत्यंत सराहनीय है। यह संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यहां प्राथमिक स्तर से लेकर इंजीनियरिंग और प्रबंधन तक की शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने शिक्षा को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि वंचित और गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना देश का भविष्य निर्माण करना और राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाना है।*

### महास्वामीजी के बताए मार्ग पर चलना उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि

*राष्ट्रपति ने कर्नाटक की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश लोकसेवा, राष्ट्रसेवा, आध्यात्मिकता और आधुनिक प्रगति के सबसे प्रभावी उदाहरणों में से एक को प्रस्तुत करता है। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण में योगदान के लिए राज्य के लोगों को बधाई दी। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि परिश्रम, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलकर ही शिवकुमार महास्वामीजी को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।*

**अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का दावा**

## यूएस-भारत संबंधों को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप गंभीर, मजबूत बनाने में व्यक्तिगत रुचि

***व्हाइट हाउस में हुई ट्रंप से मुलाकात की तस्वीर साझा की***

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका और भारत के संबंधों को लेकर बेहद गंभीर हैं और इन्हें मजबूत बनाने में व्यक्तिगत रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप दोनों देशों के बीच के रिश्तों को बहुत अहमियत देते हैं।

सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वे कुछ दिनों के लिए अमेरिका वापस आए हैं। उनकी पहली मुलाकात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई। गोर ने बताया कि राष्ट्रपति दोनों देशों के संबंधों को लेकर काफी गंभीर हैं।

उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ओवल ऑफिस की एक तस्वीर भी पोस्ट की। राजदूत द्वारा साझा तस्वीर के अनुसार, मार्को रुबियो भी ओवल ऑफिस में हुई इस बैठक में मौजूद थे।


बाएं से गोर, डोनाल्ड ट्रंप, रूबियो

### वैश्विक चुनौतियों के बीच अहम बयान

*गोर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब अमेरिका पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव सहित कई वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद यूएस अपनी प्रमुख रणनीतिक साझेदारियों, खासकर भारत के साथ संबंधों को प्राथमिकता दे रहा है। ट्रंप द्वारा भारत-अमेरिका संबंधों में दिखाई गई व्यक्तिगत रुचि को नीति निर्माताओं और विश्लेषकों द्वारा महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यह बयान दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग और साझेदारी को और मजबूती देने का संकेत माना जा रहा है। पिछले 10 महीनों में भारत-अमेरिका संबंधों में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं।*

**ओरेकल लेऑफ: एक ईमेल से टूटे सपने**

## 30000 की नौकरी गई, भारत में 12000 कर्मचारियों पर गिरी गाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक फर्म ओरेकल कॉर्पोरेशन में छंटनी की खबरों ने हजारों कर्मचारियों को एक झटके में बेरोजगार कर दिया। एक सामान्य सुबह कई लोगों के लिए उस वक्त डरावना अनुभव बन गई, जब उन्हें बुधवार सुबह करीब 6 बजे ही टर्मिनेशन ईमेल मिलने शुरू हो गए। बिना किसी पूर्व संकेत के आए इन ईमेल्स ने कर्मचारियों को पूरी तरह से चौंका दिया और कुछ ही घंटों में यह खबर दुनिया भर में फैल गई। यह छंटनी ऐसे समय में हो रही है जब कंपनी को इस साल अपने शेयर में तेज गिरावट का सामना करना पड़ा है। बता दें कि ओरेकल एआई




(आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) में अपना निवेश बढ़ा रही है। वैश्विक स्तर पर ओरेकल करीब 30,000 कर्मचारियों को निकाल चुकी है। भारत में कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 30,000 है जिसमें से करीब 12,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। अगले एक महीने में एक और बड़े लेऑफ की योजना बनाई जा रही है। छंटनी का असर कंपनी के मानव संसाधन विभाग तक में देखा गया है।

**भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव की व्हाइट हाउस को चेतावनी**

## *भारतीय तेल बाजार पर यूएस का दबाव मंजूर नहीं, भारत की विदेश नीति स्वतंत्र*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के तेल बाजार को लेकर अमेरिका के दबाव के आरोपों पर रूस ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने कड़े शब्दों में कहा है कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी तरह के अमेरिकी दबाव को पूरी तरह खारिज करता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम है। डेनिस अलिपोव ने कहा कि अमेरिका की ओर से भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिशें वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से बिल्कुल सही नहीं हैं।

मौजूदा हालात 'अमेरिकी ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी' का परिणाम


डेनिस अलिपोव

### भारत-रूस के बीच अमेरिका बाधाएं खड़ी कर रहा

*अलिपोव ने कहा कि हम साफ तौर पर देख रहे हैं कि अमेरिका भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिश कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापार के लिए सही तरीका नहीं है। हम भारतीय तेल बाजार पर अमेरिकी दबाव को खारिज करते हैं। भारत एक स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है और हम ऐसे दबाव नहीं मानने के उनके रुख का स्वागत करते हैं। टैरिफ विवाद पर उन्होंने कहा कि रूस वैश्विक राजनीति में किसी भी तरह के दबाव को सख्ती से खारिज करते हैं। यह व्यापार करने का सही तरीका नहीं है।*

### मॉस्को और नई दिल्ली के संबंध मजबूत हो रहे

*रूस के राजदूत ने कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि हाल के समय में भारत ने रूस से तेल आयात काफी बढ़ा दिया है। हम दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में भारत को रूस से तेल की आपूर्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है। हम इस दिशा में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ हो।*


### ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव

*राजदूत ने कहा कि मौजूदा हालात में ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उन्होंने इसे 'अमेरिकी ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी' का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के बीच ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिका-ईरान के बीच सैन्य कार्रवाई को रोकने और विरोधाभासों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को राजनयिक वार्ता शुरू करने की दिशा में अधिक प्रयास करने चाहिए।*

### पीएम मोदी का दिल से स्वागत

*वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी की संभावित रूस यात्रा को लेकर अलिपोव ने कहा कि मॉस्को इस साल उनकी यात्रा का दिल से स्वागत करेगा। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच हर साल शिखर बैठक का एक तंत्र है और पिछले साल दिसंबर में रूसी राष्ट्रपति ने भारत का दौरा किया था।*





हाल के वर्षों में डायबिटीज पेशेंट्स की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। इसकी अनेक वजहें हैं। ब्लड में शुगर लेवल बढ़ने से कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

## डायबिटीज कंट्रोल के लिए जरूरी बैलेंस्ड डाइट-एक्सरसाइज-मेडिकेशन



**मेडिकल एडवाइस**

डॉ. विपुल गुप्ता
कंसल्टेंट फिजिशियन-डायबेटोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

मधुमेह (डायबिटीज) एक लॉन्ग पीरियड मेटाबॉलिज्म संबंधी रोग है, जिसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। यह समस्या तब होती है, जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता।

**डायबिटीज के प्रकार:** डायबिटीज के मुख्य प्रकारों में टाइप 1, टाइप 2 और गर्भावधि मधुमेह यानी जेस्टेशनल डायबिटीज शामिल हैं। टाइप 1 डायबिटीज, एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें पैनक्रिएज ग्लैंड की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और मरीज को जीवन भर इंसुलिन लेना पड़ता है। टाइप 2 डायबिटीज, सबसे कॉमन होता है, जो अधिकतर मोटापा, गलत फूड हैबिट और इनएक्टिव लाइफस्टाइल के कारण होता है। जेस्टेशनल डायबिटीज, महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होता है और डिलीवरी के बाद नॉर्मल हो सकता है। लेकिन यह भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ा देता है। इसके अलावा डायबिटीज के कुछ अन्य प्रकार भी होते हैं, जो जेनेटिक कारणों, पैनक्रिएटिक ग्लैंड रिलेटेड डिजीज या कुछ दवाओं के कारण हो सकते हैं।



**प्रमुख लक्षण:** डायबिटीज के लक्षणों में बार-बार पेशाब आना (पॉलीयूरिया), अत्यधिक प्यास लगना (पॉलीडिप्सिया) और अधिक भूख लगना (पॉलीफेजिया) प्रमुख हैं। इनके अलावा थकान, कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, बिना कारण वजन कम होना, घावों का देर से भरना और बार-बार संक्रमण होना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। लंबे समय तक डायबिटीज रहने पर हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नता भी महसूस हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीज में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं और जांच के दौरान ही इसका पता चलता है।

**डायग्नोसिस:** ब्लड में शुगर लेवल की जांच से डायबिटीज को डायग्नोस किया जाता है। अगर फास्टिंग ब्लड शुगर 100 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। भोजन के बाद शुगर लेवल 140 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। एचबीए 1सी 6.5% या उससे अधिक हो या रैंडम ब्लड शुगर लेवल 200 एमजी/डीएल के साथ अन्य लक्षण मौजूद हों तो डायबिटीज की पुष्टि की जाती है। अगर शुगर लेवल सामान्य से अधिक लेकिन इन मानकों से कम हो तो उसे प्रीडायबिटीज स्टेज कहा जाता है। डायबिटीज डायग्नोस होने पर जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू करना बहुत जरूरी है। इससे हार्ट, किडनी, आंखों और नसों से संबंधित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ऐसे करें शुगर लेवल कंट्रोल:** डायबिटीज को कंट्रोल करने में डाइट का बहुत इंपॉर्टेंट रोल होता है। डायबिटिक पेशेंट्स को रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे व्हाइट ब्रेड, मिठाइयों और स्वीट ड्रिंक्स के सेवन से बचना चाहिए। फास्ट फूड, तली-भुनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए और नमक का सेवन भी सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसके बजाय साबुत अनाज जैसे ओट्स, ब्राउन राइस, हरी सब्जियां, दालें और फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन के लिए दाल, पनीर, मछली आदि ले सकते हैं। हेल्दी फैट के लिए ड्राय फ्रूट्स और सीड्स का सेवन लाभदायक होता है। भोजन कम मात्रा में और कई बार करना चाहिए ताकि ब्लड शुगर का लेवल संतुलित बना रहे। बैलेंस्ड डाइट, रेग्युलर एक्सरसाइज और सही मेडिसिन के माध्यम से डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है और इसके साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

**अवेयरनेस**

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उत्तम स्वास्थ्य के अंतर्गत शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व दिया है। बावजूद इसके, इन दिनों बहुत से लोग उच्च रक्तचाप और दिल से संबंधित बीमारियां, डायबिटीज, पाचन तंत्र और मनोरोगों से ग्रस्त हैं, जिनके प्रति सचेत रहकर हम स्वयं को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं।

### हार्ट की करें प्रॉपर केयर

'दि वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन' के अनुसार दुनिया भर में विभिन्न रोगों से सर्वाधिक मौतें हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से होती हैं। हृदय रोगों का एक महत्वपूर्ण कारण उच्च रक्त चाप है। कुछ सुझावों पर अमल कर उच्च रक्तचाप और विभिन्न हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है।

**तनाव से बचें:** मेडिकल जर्नल 'दि लैसेंट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार तनाव दिल की सेहत का सबसे बड़ा शत्रु है। इसलिए तनाव को नियंत्रित करने के लिए जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें। निराशावादी विचारों के बजाय आशावादी बने रहें।

**नमक कम से कम:** जो लोग उच्च रक्त चाप की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए प्रतिदिन लगभग 3 से 4 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच) ग्रहण करना चाहिए। जहां तक संभव हो, खानपान की चीजों में ऊपर से नमक का छिड़काव न करना बेहतर है।

**जंक फूड्स से परहेज:** ऐसे खाद्य पदार्थ जो अत्यधिक चिकनाई युक्त हैं या जो वस्तुएं तली हुई हैं, उनसे परहेज करना बेहतर है। जंक फूड्स में अत्यधिक चिकनाई या वसा और नमक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इनके सेवन से बचें।

**धूम्रपान-शराब से बनाएं दूरी:** हृदय, धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) का एक कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के कारण फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि इनके जरिए हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण कालांतर में हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। शराब का नियमित सेवन दिल की सेहत के अलावा शरीर के अन्य अंगों लिवर और किडनी के लिए भी नुकसानदेह है। इसलिए किसी भी रूप में स्मोकिंग और एल्कोहल सेवन से परहेज करें।

**नियमित व्यायाम और योग:** एक अध्ययन के अनुसार योगासन, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। अपनी शारीरिक क्षमता और उम्र के अनुसार आप व्यायाम का चयन कर सकते हैं। टहलना भी एक अच्छा व्यायाम है। जो लोग हाई बीपी और किसी हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेकर व्यायाम शुरू करना चाहिए।

**ब्लड प्रेशर चेक करें:** जो लोग हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें हफ्ते में दो बार अपना ब्लड प्रेशर चेक करवाना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से बीपी की दवाएं लेनी चाहिए।

**मोटापे से बचें:** अधिक वजन होना हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। इसलिए वजन नियंत्रण के लिए हर संभव प्रयास करें, व्यायाम करें और डाइटिशियन से मिलकर अपना डाइट चार्ट बनवाएं। अगर घबराहट, जी मिचलाना, चक्कर आए या सीने में दर्द होने पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ डे, 7 अप्रैल


इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' है। इस थीम का अर्थ है कि स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में एक-दूसरे का साथ दें और विज्ञान पर आधारित उपचार पद्धतियों, शोध और अध्ययनों पर भरोसा करें। यानी परिवार में हम अपने साथ ही बड़े-बुजुर्गों और बच्चों का भी ध्यान रखें। तभी हम सभी फिजिकली-मेंटली हेल्दी रह सकेंगे।

# फिजिकल हेल्थ के साथ ही मेंटल हेल्थ का भी रखें ध्यान



### पाचन तंत्र रखें सही

अगर आपका हाजमा दुरुस्त नहीं है तो फिर आप कितने भी पौष्टिक पदार्थ ग्रहण करें, वे शरीर में जज्ब नहीं हो पाते। इस स्थिति में कमजोरी महसूस होती है और शरीर की कार्यप्रणाली शिथिल हो जाती है। गैस और एसिडिटी ज्यादा बनना (रीफ्लक्स), दूषित खानपान से पेट में जीवाणुजनित संक्रमण, दस्त और डायरिया, फूड प्वाइजनिंग और हेपिटाइटिस आदि समस्याएं उत्पन्न होने के खतरे बढ़ जाते हैं।



**गैस-एसिडिटी से ऐसे बचें:** खाने के बाद दो घंटे तक लेटना नहीं चाहिए। ऐसा करने से गैस और एसिडिटी की समस्या से बचाव होगा। जंक फूड्स से परहेज करें। अत्यधिक चिकनाई युक्त और मिर्च मसालों से भरपूर खाने से परहेज करें। भूख से अधिक खाना न खाएं। छाछ को छोड़कर दूध और इससे निर्मित अन्य उत्पादों के कारण भी पेट में गैस बनती है। अनेक लोगों में फ्रूट जूस से भी गैस बन सकती है, क्योंकि इनमें फ्रक्टोज नामक शुगर अधिक होती हैं, जिसके कारण गैस और एसिडिटी बनने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इससे भी बचें। ये परहेज करने के बाद भी अगर राहत नहीं मिल रही है तो डॉक्टर से परामर्श लें।

**पेट में संक्रमण:** दूषित व अस्वच्छ खान-पान से पेट में संक्रमण होने के खतरे बढ़ जाते हैं। इस समस्या की रोकथाम के लिए कुछ भी खाने से पहले हाथों को सैनिटाइजर या फिर एंटीसेप्टिक साबुन से धो लें। बाहर का खाना खाने से हर संभव बचाव करें। खाना बनाने और उसके रखरखाव की प्रक्रिया स्वच्छ हो। जो खाद्य पदार्थ अच्छी तरह पके नहीं हैं, उन्हें न खाएं। बाहर के अनपके स्ट्रीट फूड्स से परहेज करें। खुले में काफी देर तक रखा खाना पेट को संक्रमित कर सकता है। इसलिए खुला और बासी खाना खाने से बचें। आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है तो उसे खाने से भी पेट में संक्रमण हो सकता है। संक्रमण के कारण पेट में तकलीफ हो तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर से शीघ्र परामर्श लें।



### मानसिक स्वास्थ्य भी है जरूरी

हमारे दिमाग से ही शरीर संचालित होता है। इसलिए इसका हेल्दी होना जरूरी है। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने की राह में मनोरोग बाधक हैं, जिनमें डिप्रेशन प्रमुख हैं।

**डिप्रेशन से उबरें:** अकसर हम किसी प्रतिकूल कारण से तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं। कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है।

**प्रमुख लक्षण और प्रकार:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर में विभाजित किया गया है। माइल्ड और मॉडरेट डिप्रेशन में पेशेंट स्वयं को हताश और दुःखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन न लगना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देना। सेक्स की इच्छा का कम होते जाना, सोने की आदतों में बदलाव, खानपान की आदतों में बदलाव हो सकते हैं। सीवियर डिप्रेशन के पेशेंट सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देते हैं, यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है। डिप्रेशन दूर करने के लिए मनोचिकित्सक काउंसलिंग करते हैं। काउंसलिंग के दो प्रकार होते हैं। पहला कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और दूसरी को वेंटिलेशन थेरेपी कहते हैं। वहीं डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

**मेंटल हेल्थ रहेगी सही:** अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। योगासन, प्राणायाम करें। मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखें। लोगों से मिलना-जुलना या सामाजिक संबंध बरकरार रखें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के संदर्भ में जरूरत पड़ने पर अपने फिजिशियन या फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना बेहतर रहता है। *

**(कोकिलाबेन हॉस्पिटल, इंदौर के फिजिशियन-कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित गुप्ता और मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. सुकृत सूद से बातचीत पर आधारित)**







**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब अच्छी तरह से न लगे भूख



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। पेट हमेशा भरा-भरा लगता है। कुछ भी खाने पर वॉमिट जैसी फीलिंग आती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-संजय, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हुआ है, इस वजह से आपका पेट भर-भरा रहता है। आप खाना हल्का और सुपाच्य खाएं। लंच में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। कुछ दिन ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें। इस तरह बदलाव करने से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-कौशल, बिलासपुर**

क्या आपके सिर में हाल के दिनों में कोई चोट लगी थी? कई बार चोट लगने से ऐसी समस्या शुरू हो जाती है। बेहतर होगा आप एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। हो सकता है कि वह सिटी स्कैन जैसी कुछ जांच कराएं, जिससे पता चलेगा कि सिर दर्द की मूल वजह क्या है? फिर जरूरत के अनुसार वे उसका ट्रीटमेंट करेंगे। अपने मन से कोई दवा न लें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। कुछ दिनों से यूरीन पास करने के दौरान बहुत जलन होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया कोई उपचार बताएं?**

**-किशोर, दुर्ग**

कई बार पानी कम पीने पर ऐसी समस्या देखी जाती है। इसलिए आप सबसे पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। अगर इसके बाद भी आपको इस तरह की समस्या है तो जरूर आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। वह कुछ जांच करवा कर इसका कारण पता लगाएंगे। ध्यान रहे बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।



# अय्यर ने भुगता स्लो ओवर रेट का खमियाजा, आईपीएल ने पंजाब किंग्स पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। हालांकि, जीत के बाद पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। आईपीएल ने स्लो ओवर रेट के चलते आचार संहिता के तहत श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओवर-रेट को लेकर आईपीएल 2026 में यह उनकी टीम का पहला उल्लंघन था।

### अनुच्छेद 2.22 के तहत लगाया गया जुर्माना

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखा। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स का पहला अपराध (न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित) है, इसलिए उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर

आईपीएल 2026 में चौथे मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है। गुजरात टाइटंस को हराने के बाद भी पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स आखिरी पायदान पर है। टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। टॉप-5 गेंदबाजों में जैकब डफी पहले नंबर पर हैं।

### अय्यर की कलाई पर लगी चोट, कहा- कोई अपशगुन नहीं करना चाहता



आईपीएल में 31 मार्च की रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की कलाई पर उनके ही साथी बल्लेबाज कूपर कोनोली का शॉट सीधे जाकर लगा। जब फिजियो उनकी जांच कर रहे थे, तब वह काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ठीक अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी कलाई वैसी ही है जैसी पहले थी और वह किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहते थे। चोट के बारे में पूछे जाने पर श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह ठीक है। यह वैसी ही है जैसी पहले थी। मैं किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहता। मैं बस सकारात्मक रहना चाहता हूं और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

### कूपर का खेल अविश्वसनीय

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली के प्रदर्शन पर कहा, 'उसने जो शॉट्स खेले, उनमें से कुछ को देखना किसी सपने जैसा था। यह अविश्वसनीय था। आईपीएल के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक राशिद खान की गेंद पर बैकफुट पर जाकर इतनी सफाई और खूबसूरती से छक्का मारना, यह सचमुच जबरदस्त था।

### मैं कलाई पर बर्फ लगा रहा था : श्रेयस

श्रेयस अय्यर ने 18 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने कहा कि जब पंजाब किंग्स के अचानक तीन विकेट (निहाल वढेरा, शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस) गिर गए उस दौरान वह अंदर अपने हाथ पर बर्फ लगा रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, सच कहूं तो मेरा ध्यान अंदर अपने हाथ पर था, मैं उस पर बर्फ लगा रहा था और तभी अचानक हमने एक के बाद एक दो विकेट गंवा दिए। आईपीएल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। श्रेयस अय्यर ने कहा, ...और ऐसी स्थितियों में आपको शांत और संयमित रहना होता है, इसलिए संदेश बहुत सीधा-सा था। बस खेल को आखिर तक ले जाओ और कूपर वहां मौजूद था। वह पूरी तरह से जम चुका था। एक खिलाड़ी के तौर पर उसकी समझ बहुत अच्छी है। मैंने उसे पहले भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते देखा है। उसकी सोच बहुत बढ़िया है। उम्मीद है कि वह इसी फॉर्म को जारी रखेगा।


## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में मेस्सी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

### लेवांडोवस्की ने दिए संन्यास के संकेत



**स्टाकहोम।** पोलैंड के विश्व कप में जगह नहीं बना पाने के बाद उसके स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दिए। स्वीडन ने प्लेआफ फाइनल में पोलैंड को 3-2 से हराया। इसके बाद लेवांडोवस्की ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ में कप्तान का आर्मबैंड है और पीछे 'टाइम टू से गुडबाय' गाना बज रहा है। बार्सीलोना के इस स्ट्राइकर ने सीधे संन्यास को लेकर कुछ नहीं कहा कि पहले भी वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दे चुके हैं। पिछले साल टीम के तत्कालीन कोच से मतभेदों के बाद भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ने की धमकी दी थी, जिसके बाद कोच ने इस्तीफा दे दिया था। पोलैंड के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले लेवांडोवस्की 165 मैचों में 89 गोल कर चुके हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी : क्वार्टर फाइनल में विश्वनाथ, सचिन



**उलानबटोर।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा।

## लखनऊ सुपर जायंट्स 18.4 ओवरों में 141 रन पर सिमटी

# 26 रन पर गिरे 4 विकेट, रिजवी-स्टब्स ने किया चमत्कार, दिल्ली 6 विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और नटराजन की तूफानी गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरकर छह विकेट की जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

■ समीर रिजवी ने 47 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेली

सुपर जाइंट्स के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रिजवी की 47 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 70 रन की पारी और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 39, 32 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 110 रन की अटूट साझेदारी से 26 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के पांचवें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 18.4 ओवरों में 141 रन पर सिमट गई। यह आईपीएल इतिहास में एलएसजी का पहली पारी में न्यूनतम स्कोर रहा।



### शमी के नाम बड़ा रिकॉर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। शमी 5 बार आईपीएल पारी की पहली गेंद पर विकेट हासिल करने वाले इकलौते गेंदबाज बन गए हैं। शमी ने केएल राहुल को शिकार बनाया। शमी ने फुल लैंथ पर गेंद पटकी, जो थोड़ी बाहर की तरफ निकली। राहुल ने बड़े शॉट का मौका देखा और हाथ चलाए। लेकिन गेंद डीप बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में गई और वहां खड़े मोहसिन खान ने बड़े आराम से कैच लपक लिया। मोहम्मद शमी ने पांचवीं बार आईपीएल में पारी की पहली गेंद पर विकेट लिया। उनके अलावा कोई गेंदबाज इतनी बार ऐसा कमाल नहीं कर पाया है। शमी के बाद इस लिस्ट में सात गेंदबाज आते हैं और इन सबने तीन-तीन बार पारी की पहली गेंद पर विकेट चटकाया है। इनमें प्रवीण कुमार, उमेश यादव, ट्रेंट बोल्ट, लसित मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार, अशोक डिंडा और पैट कमिंस के नाम आते हैं।

### एनगिडी और नटराजन की धारदार गेंदबाजी

सुपर जाइंटस की टीम इससे पहले तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और टी नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 | 28 | 2 | 3 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 | 9 | 0 | 1 |
| मार्करम बो अक्षर | 11 | 8 | 1 | 1 |
| बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 | 3 | 0 | 0 |
| पूरन बो एनगिडी | 08 | 8 | 1 | 0 |
| समद का मिलर बो नटराजन | 36 | 25 | 3 | 1 |
| चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 | 11 | 2 | 0 |
| अहमद नाबाद | 15 | 16 | 0 | 1 |
| शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 | 2 | 0 | 0 |
| नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| मोहसिन का मुकेश बो एनगिडी | 00 | 1 | 0 | 0 |


अतिरिक्त: 14, कुल:18.4 ओवर में 141/10 रन
गेंदबाजी: मुकेश 3-0-17-0, एनगिड़ी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का मोहसिन बो शमी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| निसांका का पंत बो प्रिंस | 01 | 5 | 0 | 0 |
| राणा का समद बो मोहसिन | 15 | 17 | 2 | 1 |
| समीर रिजवी नाबाद | 70 | 47 | 5 | 4 |
| अक्षर पटेल बो प्रिंस | 00 | 1 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 39 | 32 | 3 | 1 |

अतिरिक्त: 20, कुल:17.1 ओवर में चार विकेट पर: 145 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-28-1, प्रिंस 3-0-20-2, मोहसिन 4-1-19-1, नोर्किया 4-0-39-1, शाहबाज 1-0-16-0, मारक्रम 1-0-13-0, समद 0.1-0-6-0

## बड़ा मुकाबला आज, जीत की तलाश में सनराइजर्स और नाइट राइडर्स





एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के गुरुवार को होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है।

### ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़

ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपए में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं। केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई, जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था, जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा। ग्रीन ने पहले मैच में 10 गेंद पर 18 रन बनाए।

### सनराइजर्स का गेंदबाजी कमजोर

सनराइजर्स भी इसी तरह की स्थिति में हैं, क्योंकि उसने अपने अभियान की शुरुआत मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ की थी। सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और ट्रैविस हेड जैसे धाकड़ बल्लेबाज शामिल हैं। लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है।

*टीम इंडिया जुलाई में करेगी जिम्बाब्वे का दौरा-मुंबई। विश्व चैंपियन भारत इस साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। भारतीय पुरुष टीम 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे की टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी।*

# एमपीएल टी20: जबलपुर रॉयल लायंस की दमदार स्क्वॉड तैयार

**पुनीत दाते 10 लाख में किया शामिल तो राहुल बाथम को 3 लाख रुपए में किया रिटेन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

जैसे-जैसे एमपीएल टी20 का नया सीज़न करीब आ रहा है, टीमों के बीच तैयारियों और रणनीति को लेकर हलचल तेज हो गई है। हर टीम इस बार बेहतर कॉम्बिनेशन और मजबूत खिलाड़ियों के साथ उतरना चाहती है, ताकि ट्रॉफी पर कब्जा किया जा सके। इसी कड़ी में जबलपुर रॉयल लायंस ने ऑक्शन पूरा कर एक संतुलित और मजबूत टीम तैयार कर ली है, जो इस बार पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरने को तैयार है। 50 लाख रुपए के पर्स और 15 खिलाड़ियों की सीमा में रहते हुए टीम ने हर विभाग को ध्यान में रखकर खिलाड़ियों का चयन किया। राहुल बाथम को 3 लाख रुपए में रिटेन करना टीम का अहम फैसला रहा, जो अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं।



ऑक्शन में पुनीत दाते को 10 लाख रुपए में टीम में शामिल किया गया। वहीं अजय रोहेरा, रितिक टाडा, अर्पित गौड़ और नयनराज मेवाड़ा जैसे खिलाड़ियों के साथ टीम ने अपना कॉम्बिनेशन मजबूत किया। टीम के मालिक आयुष लालवानी ने कहा कि इस बार टीम को निडर बनाना लक्ष्य था और उन्हें भरोसा है कि यह टीम ट्रॉफी जीतने में सक्षम है। वहीं, जनरल मैनेजर लव मलिक ने टीम के संतुलन और खिलाड़ियों की बहुमुखी प्रतिभा को इसकी ताकत बताया। कुल मिलाकर, जबलपुर रॉयल लायंस इस सीजन में पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरने जा रही है।

### स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वां ऑल इंडिया मास्टर्स कप क्रिकेट टूर्नामेंट

# डीजीपी इलेवन ने एमपी पोस्टल को हराकर फ़ाइनल में किया प्रवेश

**अंतिम लीग मैच में डीजीपी इलेवन ने एमपी पोस्टल को 5 विकेट से हराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्व. कैलाश नारायण सारंग स्मृति 9वीं मास्टर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को विभागीय ग्रुप में डीजीपी इलेवन और एमपी पोस्टल के मध्य मैच खेला गया। एमपी पोस्टल ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 124 रन बनाए। इनमें प्रियांश ने 57, जबकि नितिन ने 42 रन की पारी खेली। 12 रन पर 4 विकेट खोने के बाद नीतिन और प्रियांश ने संभलकर खेलते हुए टीम को 124 रन तक पहुंचाने मे मदद की। डीजीपी इलेवन के अरुण सिंह और शुभम चौहान ने 2-2, जबकि विनय ने 1 विकेट लिया।

जवाब मेंडीजीपी इलेवन की भी शुरुआत अच्छी नही रही। 30 रन पर 3 विकेट खोने के बाद मंजीत ने पहले हिमांशु और भीम के साथ छोटी-छोटी साझेदारी कर टीम को अच्छी स्थिति मे लेकर आए उसके बाद नरेंद्र रायकवार के साथ 41 रन की साझेदारी कर 16.5 ओवर मे 5 विकेट के नुकसान पर 125 रन का लक्ष्य हासिल कर टीम को विजयी बनाया। एमपी पोस्टल के मनोज शेट्टी ने 2 विकेट लिए, जबकि मयंक, प्रियांश और महेन्द्र ने 1-1 विकेट लिया। अरुण और प्रियांश को सयुंक्त रूप से मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। इन्हे वरिष्ठ क्रिकेटर और अम्पायर जीतेन्द्र भंडारी और आयोजन सचिव योगेन्द्र व्यास ने पुरस्कृत किया।



# गिल्ट फ्री टीम बनी बिजनेसमैन प्रीमियर लीग सीजन 2 की चैंपियन

### स्कोप यूनिवर्सिटी को 32 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय युवक खेल कूद एवम् युवा संस्थान द्वारा आयोजित बिज़नेसमेन्स प्रीमियर लीग सीज़न 2 के फाइनल में खेले गए रोमांचक मुकाबले में गिल्ट फ्री ने स्कोप यूनिवर्सिटी को 32 रनों से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल्ट फ्री ने निर्धारित 20 ओवर में 194/4 का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अभिषेक सिंह ने 12 चौके और 5 छक्कों की मदद से 104 रन 61 गेंदों पर बनाए। वहीं पीयूष टंडन ने 63 रन की पारी खेली। स्कोपकी ओर से अमित शर्मा (2/26) और समीर जमील ( 1/42) ने बेहतरीन गेंदबाजी की। जवाब में स्कोप की टीम 162 रन ही बना सकी। अभिषेक चंदेल ने 38, मोहित झावा 25 रन बनाए। गिल्ट फ्री के संकेत दुबे ने 3 विकेट और देवेंद्र-रवि ने 2-2 विकेट लेकर टीम को फाइनल का विजेता घोषित कराया। इस भव्य मौके पर प्रदेश भाजपा महामंत्री राहुल कोठारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। टूर्नामेंट के आयोजक शरद पंडित और अमित भार्गव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, साथ ही विजेता टीम को इनामी राशि दी गई।


बिहार सरकार

**न्यायालय–अधीक्षक मद्यनिषेध, सिवान**

**अति अल्पकालीन आम–सूचना**

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम 2016 के अन्तर्गत जब्त वाहन के अधिहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है:–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन निबंधन संख्या/चेचिस नं0/इंजन नं0 | वाहन का प्रकार | वाहन मालिक का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30/2025 | GUTHANI | 94/2025 | Reg no-MP40MK8296 Che no-MBLH10BNEGM01738 Eng no-HA10ETEGM1991 | PASSION PRO | Santosh S/o Gopilal At Ward no-14 Rahul Nagar Raisen Madhya Pradesh Pin-464551 |

उपरोक्त वाद की सुनवाई की अगली तिथि–16.04.2026 निर्धारित करते हुए विपक्षी/प्रतिवादी एवं सम्बद्ध व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में निर्धारित तिथि तक स्वयं तथा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संसोधन) नियमावली–2022 के नियम 12(क) के अन्तर्गत प्रपत्र–IV भरकर जप्त वाहन के अवमुक्ति हेतु वाहन के नवीनतम बीमाकृत मुल्य का 10 से 50 प्रतिशत राशि शास्ति के मद में चालान के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित तिथि तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है और तदोपरान्त एक पक्षीय सुनवाई करते हुए राजसात आदेश पारित कर दिया जायेगा, जिसके लिए पूर्ण रूप से आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

अधीक्षक मद्यनिषेध,
सिवान

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**PR. No. 27427 (Excise) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा) भोपाल**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्र. 116/A/यां.वि./2026 भोपाल, दिनांक - 26.03.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_494670_1 | Construction of CC Road and Drain at Ward No 38 Zone 09 | 8,22,033/- | 10 April 2026 | 05.30 PM |
| 1 | 2026_UAD_494673_1 | Construction of CC Road and Drain at Ward No 69 Zone 09 | 8,38,962/- | 10 April 2026 | 05.30 PM |

नोट : संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगें।

नि.क्र. : 13/026/027

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम भोपाल




# गौहर महल में देशभर के 75 शिल्पी दिखा रहे अपनी कला का हुनर



'सितारा प्रदर्शनी' में कपड़े देखती महिला।

## पांच दिनी सितारा प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में बुधवार से पांच दिनी 'सितारा प्रदर्शनी' की शुरुआत हो गई है। यह प्रदर्शनी 5 अप्रैल तक चलेगी। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों से आए 75 कुशल शिल्पी और कारीगर अपनी पारंपरिक और स्थानीय कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य खासकर उन महिलाओं को मंच देना है, जो घर से काम करते हुए अपनी कला के जरिए समाज में योगदान दे रही हैं। यहां लगी प्रदर्शनी में बनारसी सिल्क, बाग प्रिंट, चंदेरी, कोटा डोरिया साड़ियां, भागलपुर की सिल्क शॉल और असम की पारंपरिक कलाकृतियां आई हैं। इसके अलावा कारपेट, क्रोकरी, फर्नीचर और घर सजाने के कई आकर्षक सामान भी उपलब्ध हैं। आयोजन की संयोजक संजना राजपूत के अनुसार, यह प्रदर्शनी कलाकारों को अपने हुनर को दिखाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का एक अच्छा अवसर है। प्रदर्शनी में गौहर महल के अलग-अलग हिस्सों में स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें दीवान-ए-आम में 35, दीवान-ए-खास में 25 और बाहरी हिस्से में आने वाले चार दिनों में 15 शिल्पी अपनी कला प्रस्तुत करेंगे।

**कई राज्यों की साड़ियों के साथ मिल रहे कई आईटम्स**



### फिल्म प्रदर्शन और चर्चा से समझा अभिनय

## थियेट्रिक्स–29 के दूसरे दिन कलाकारों ने सीखी भाव और अभिव्यक्ति की नई भाषा



कार्यशाला में फिल्म का प्रदर्शन



**विहान ड्रामा वर्क्स की कार्यशाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की कार्यशाला श्रृंखला 'थियेट्रिक्स–29' के दूसरे दिन का सत्र अभ्यास, सीख और अनुभवों से भरपूर रहा। दिन की शुरुआत स्केचिंग अभ्यास से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने कागज़ और पेंसिल के जरिए हाथों को खुला छोड़ते हुए रेखाओं के माध्यम से शरीर की सहजता को महसूस किया। इसके बाद प्रतिभागियों को नृत्य-नाट्य की प्रसिद्ध प्रस्तुतियों 'वोलमोंड' और 'कोम तांज मिट मीर' के अंश दिखाए गए।

1957 की शॉर्ट फिल्म 'अ चेयरी टेल' भी दिखाई गई। इन प्रस्तुतियों के जरिए यह समझाया गया कि कलाकार अपने शरीर, भाव और लय से साधारण क्रिया को भी प्रभावशाली बना सकता है। फिल्म देखने के बाद चर्चा सत्र हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। इसमें यह समझाया गया कि अलग-अलग भावों को मंच पर कैसे व्यक्त किया जाता है। उदाहरण के तौर पर थकान और खुशी में बिस्तर पर गिरने के भावों के अंतर को समझाया गया।

अगले सत्र में स्केचिंग और भावों के संबंध पर अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने जाना कि रेखाएं सिर्फ चित्र नहीं बनातीं, बल्कि भावनाओं को भी व्यक्त करती हैं। इस मौके पर सौरभ अनंत ने कहा कि रंगमंच और चित्रकला दोनों ही देखने की कला सिखाते हैं। जब कलाकार सही तरीके से देखना सीखता है, तभी वह अपने अभिनय में गहराई ला पाता है। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

### शहर में 300 से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग

# मध्यप्रदेश बना फिल्म शूटिंग का नया हब साउथ की फिल्में भी बन रहीं भोपाल में

## कास्टिंग डायरेक्टर कबीर कर रहे प्रोजेक्ट्स पर काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार और एमपी टूरिज्म के सहयोग से प्रदेश में फिल्म शूटिंग को लगातार बढ़ावा मिल रहा है।

पिछले कुछ वर्षों में भोपाल सहित राज्य के कई शहरों में 300 से ज्यादा फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है। पिछले तीन महीनों से फिल्म इंडस्ट्री के कास्टिंग डायरेक्टर अजय कबीर भोपाल में सक्रिय हैं और साउथ फिल्मों के कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। वे करीब 11 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं और 50 से ज्यादा फिल्मों से जुड़ चुके हैं।





मप्र के कई स्थानों पर फिल्मों की शूटिंग हो रही है।

**तेलुगु फिल्म ऋषि एंड जो की शूटिंग जल्द**

कबीर अपनी कंपनी 'फाइंड न्यू एंटरटेनमेंट' के जरिए साउथ फिल्मों का लाइन प्रोडक्शन भी संभाल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने तेलुगु फिल्म 'माया कलशम' की शूटिंग भोपाल में पूरी करवाई है। अब जल्द ही एक और तेलुगु फिल्म 'ऋषि एंड जो' की शूटिंग भी भोपाल में होगी। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी 10 साउथ फिल्मों की शूटिंग भोपाल में कराने की योजना बना रही है।

**साउथ फिल्म इंडस्ट्री का रुझान**

एमपी टूरिज्म, वन और पुरातत्व विभाग के सहयोग से अब शूटिंग करना आसान हो गया है। इसी वजह से साउथ फिल्म इंडस्ट्री का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। कबीर का कहना है कि सरकार का सहयोग ऐसे ही मिलता रहा, तो मप्र बड़ा फिल्म शूटिंग हब बन सकता है और यहां के लोगों को रोजगार मिल सकेंगे।





### साप्ताहिक ऑनलाइन लघुकथा गोष्ठी

## आदमी की छटपटाहट को उजागर करती लघुकथाएं

**भोपाल ।** लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा आयोजित ऑनलाइन साप्ताहिक लघुकथा गोष्ठी और विमर्श में आम आदमी के जीवन से जुड़ी समस्याओं और भावनाओं पर केंद्रित लघुकथाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान साहित्यकार विजय जोशी 'शीतांशु' महेश्वर ने समीक्षक के रूप में कहा कि सुधाकर मिश्र 'सरस' की लघुकथाएं समाज में रोज होने वाली घटनाओं से उत्पन्न आम आदमी की छटपटाहट, विसंगतियों और मानवीय संवेदनाओं को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत करती हैं।

- 'सरस' की रचनाओं पर चर्चा

शुरुआत केंद्र की निदेशक कांता रॉय के स्वागत उद्बोधन से हुई। अश्विनी देशपांडे ने संचालन किया। सुधाकर मिश्र की अस्वस्थता के कारण उनकी लघुकथाओं का वाचन सुनीता प्रकाश ने किया। उन्होंने 'मुट्ठी भर लोग', 'समाधान', 'जरूरत', 'मेरे पापा' और 'आ गले लग जा' का प्रभावी पाठ किया।

इन रचनाओं में समाज की चिंताजनक स्थितियां, बच्चों की शिक्षा, बदलती जरूरतें और पारिवारिक संबंधों को प्रस्तुत किया गया। गोष्ठी में मिथलेश अवस्थी, लता रानी, पूर्णिमा ढिल्लन, नितिन उपाध्याय और डॉ. गिरिजेश सहित अन्य साहित्यकारों ने लघुकथाओं पर अपने विचार रखे और महत्वपूर्ण टिप्पणियां दीं।



पहले सत्र में सम्मान तो दूसरे में काव्य पाठ

## स्वयंसिद्धा शक्ति सम्मान समारोह संपन्न, पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वयंसिद्धा समूह द्वारा मंगलवार को दुष्यंत संग्रहालय में शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रखा गया। इस दौरान एडवोकेट रामकृष्ण पांडेय की पुस्तक 'कवि मन का पुष्प' और डॉ. अनीता तिवारी की कृति 'सोनजूही' का लोकार्पण किया गया। दोनों पुस्तकों की समीक्षा वरिष्ठ साहित्यकार श्रीराम माहेश्वरी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ, पहले सत्र में पद्मश्री नारायण व्यास मुख्य अतिथि रहे, जबकि डॉ. प्रकाश बरतूनिया, अनीता सक्सेना और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीलाल पाटीदार ने की। दूसरे सत्र में गोकुल सोनी मुख्य अतिथि और नीलिमा रंजन विशिष्ट अतिथि रहीं। इस दौरान कई साहित्यकारों और शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। रचनाकारों ने काव्य पाठ भी किया।

### आर्टेमिस–2 मिशन पर संवाद सत्र

## चंद्र मिशन पर सत्र में विज्ञान प्रेमियों ने दिए सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केन्द्र में बुधवार को आर्टेमिस–2 मिशन विषय पर एक रोचक संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'सवाल आपके, जवाब हमारे' रखा गया था, जिसमें विद्यार्थियों और विज्ञान प्रेमियों ने भाग लिया।

आर्टेमिस–2 मिशन मानव अंतरिक्ष अन्वेषण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की परिक्रमा पर भेजा जाएगा। भविष्य में मनुष्यों को दोबारा चंद्रमा पर उतारने में मदद करेगा।

यह मिशन भारतीय समय के अनुसार गुरुवार सुबह 3:54 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से अपने सवाल पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने आसान और दिलचस्प तरीके से दिया। इस सत्र में मिशन के उद्देश्य, अंतरिक्ष अन्वेषण में इसकी भूमिका, पहले हुए अंतरिक्ष अभियानों का योगदान और अब तक की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही भविष्य में चंद्रमा और अंतरिक्ष अनुसंधान के नए अवसरों के बारे में भी रोचक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।




### ज्ञान भारतम मिशन के तहत मार्च से मई तक सर्वे

लोगों की भागीदारी से होगा डिजिटल संरक्षण

# दुर्लभ पांडुलिपियों की खोज में बड़ा अभियान, तीन माह में सामने आएंगे अनेक अनमोल दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर दुर्लभ पांडुलिपियों को खोजने और सुरक्षित करने बड़ा अभियान शुरू किया गया है। यह मार्च से मई तक चलेगा, जिसमें कई अहम और प्राचीन दस्तावेज सामने आने की उम्मीद है। ज्ञान भारतम मिशन के तहत सर्वे मप्र का संस्कृति विभाग 'ज्ञान भारतम मिशन' के जरिए इस अभियान को चला रहा है। इसका उद्देश्य पांडुलिपियों को खोजकर उनका डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है, ताकि वे सुरक्षित रह सकें और लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध हो सकें।

- संस्कृति को सहेजने की पहल

## हर जिले में चल रहा सर्वे अभियान



इस अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में सर्वे किया जा रहा है। मंदिरों, संस्थानों, निजी संग्रहों और पारंपरिक संरक्षकों के पास रखी पांडुलिपियों की पहचान की जा रही है और उनका डिजिटल दस्तावेज बनाया जा रहा है।

**परंपरा की झलक :** लोखंडे ने बताया कि करीब 75 साल पुराने कागजी दस्तावेजों को पांडुलिपि माना जा रहा है। इससे पहले पेड़ के पत्तों, लकड़ी, चमड़ा और ताम्र पत्र पर भी लेखन किया जाता था।

**लोगों को मिलेगा सम्मान :** इस मिशन में 24 भाषाओं की पांडुलिपियां शामिल की जा रही हैं। जो लोग इनकी जानकारी देंगे या अपलोड करने में मदद करेंगे, उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**मोबाइल ऐप से जुड़ रहे लोग**

अभियान को आसान बनाने के लिए एक मोबाइल ऐप भी तैयार किया गया है। इसके जरिए नागरिक भी अपने पास मौजूद पांडुलिपियों की जानकारी साझा कर सकते हैं। पांडुलिपियों का मालिकाना हक उन्हीं के पास रहेगा, केवल उनकी डिजिटल कॉपी बनाई जाएगी। अभियान के नोडल प्रमुख निलेश लोखंडे के अनुसार, शुरुआत में ही करीब 76 हजार दस्तावेज जुटाए जा चुके हैं। लक्ष्य है कि इस अभियान के दौरान करीब एक करोड़ दस्तावेजों का संग्रह किया जाए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930